


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 156 | ग्वालियर शनिवार, 25 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## एक नजर

### देश में मिले कोरोना के 1249 नए केस



**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस के 1249 नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं. देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,00,667 हो गई है. वहीं, एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 7,927 पर पहुंच गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार (24 मार्च) को आंकड़े जारी कर बताया कि कर्नाटक और गुजरात में संक्रमण से एक-एक मरीज की मौत हुई है. जिसके बाद देश में मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,813 हो गई है. भारत में संक्रमण की दैनिक दर 1.19 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 1.14 प्रतिशत है. आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी 7,927 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है. मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.79 प्रतिशत है. देश में अभी कोविड-19 संबंधी 92.07 करोड़ जांच की गई है, जिनमें से 1,05,316 नमूनों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई. आंकड़ों के मुताबिक, अभी तक कुल 4,41,61,922 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.65 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं. बता दें कि गुरुवार को भारत में 1300 नए कोरोना मामले आए थे, जो बीते 140 दिनों में सबसे अधिक है. पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मामलों की संख्या में स्पाइक से निपटने के लिए देश की तैयारियों की समीक्षा के लिए कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा पर एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में उन्होंने टीकाकरण अभियान की स्थिति, कोविड-19 के नए स्वरूपों औप इन्फ्लूएंजा के प्रकारों के उभरने और देश के लिए उनके जन स्वास्थ्य प्रभावों की भी समीक्षा की. प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयोगशाला निगरानी बढ़ाने, गंभीर घातक श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) के सभी मामलों की जांच करने और जीनोम अनुक्रमण को तेज करने का आह्वान किया. पीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वास्थ्य केंद्रों पर इन्फ्लुएंजा और कोविड के लिए जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जरूरत बताई, वहीं पर्याप्त बिस्तर और मानव संसाधन पर भी ध्यान देने को कहा.

### विधि का विधान, अहंकार की सजा राहुल को मिली



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी को गुरुवार (23 जनवरी) को सूरत की एक अदालत ने एक जाति विशेष के खिलाफ उनके बयान को लेकर दायर मानहानि मामले में दो साल कारावास की सजा सुनाई. सजा मिलने के बाद उनकी संसद सदस्यता जा सकती है. ऐसे में बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने उन पर तंज कसा. दुबे ने ट्वीट किया, अहंकार आदमी को बर्बाद करता है, राहुल गांधी जी ने 2013 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के सामने एक बिल को फाड़ा था. वह बिल यह था कि सजा के तुरंत बाद नहीं 3 महीने बाद सांसद या विधायक की सदस्यता जाएगी. विधि का विधान है, अहंकार की सजा राहुल गांधी को मिली है, हो सकता है आने वाले दिनों में राहुल गांधी को मिली उनकी सदस्यता चली जाए. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एच. एच. वर्मा की अदालत ने राहुल गांधी को मानहानि और उसकी सजा से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 499 और 500 के तहत दोषी करार देकर सजा सुनाने के बाद उनको जमानत दे दी और उनकी सजा के अमल पर 30 दिन की रोक लगा दी. गौरतलब है, जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक, दो साल या उससे अधिक समय के लिए कारावास की सजा पाने वाले व्यक्ति को सजा मिलने की तारीख से अयोग्य घोषित किया जाएगा और वह सजा पूरी होने के बाद से अगले छह साल तक के लिए अयोग्य रहेगा. लेकिन, विशेषज्ञों का कहना है, अगर अपीलीय अदालत राहुल गांधी की दोष सिद्धि और दो साल की सजा को निलंबित कर देती है, तो वह लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य नहीं माने जाएंगे.

### कटर से चेन काटी, पुलिस के कब्जे से चुराई बाईक



**नई दिल्ली।** मुंबई से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है. यहां एक शख्स ने पुलिस पार्किंग से अपनी ही बाइक चोरी कर ली. पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी जुर्माना भरने से बचना चाहता था. इसी वजह से उसने खुद की ही बाइक चोरी कर ली. जानकारी के मुताबिक पुलिस ने एक शख्स के खिलाफ पुलिस पार्किंग से बाइक चोरी करने के आरोप का मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में बाइक का मालिक निकला. मुंबई में गोवंडी के बैगनवाड़ी निवासी तारिक अहमद मकसूद खान पर पुलिस पार्किंग से बाइक चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया था. इसके बाद पुलिस ने आजाद मैदान पुलिस ने तारिक अहमद मकसूद खान को गिरफ्तार कर लिया. जब उससे पूछताछ की तो पुलिस को पता चला कि खान ने अपनी ही बाइक पुलिस पार्किंग से चोरी की है. मामला मुंबई के आजाद मैदान ट्रैफिक चौकी के बाहर का है जहां ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में तारिक खान की बाइक उठा ले गई थी. जिसके बाद उस पुलिस पार्किंग में खींचे गए टू व्हीलरों के साथ खड़ा कर दिया गया था.

# कौशांबी में दर्दनाक हादसा, काम से लौट रहे कारीगरों को गाड़ी ने कुचला

**नई दिल्ली।** यूपी के कौशांबी में एक बार फिर से तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. यहां पर एक बेकाबू चार पहिया वाहन ने सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया. एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि दूसरे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने चार पहिया वाहन को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी. दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे. दोनों ही कारीगर वापस अपने घर जा रहे थे. चरवा थाना क्षेत्र के बंबुरा निवासी राजेंद्र सिंह (40) फर्नीचर की दुकान में काम करता था. काम खत्म करने के बाद अपनी बाइक से वापस घर आ रहा था. मनौरी बाजार पहुंचने पर गांव का ही उसका साथी संतोष कुमार (45) मिल गया. वह भी शटरिंग लगाकर वापस अपने घर जा रहा था. बाइक में लिफ्ट लेकर



वह भी राजेंद्र के साथ घर के लिए चल दिया. अभी वह चिल्लाशहबाजी गांव के समीप ही पहुंचे थे. तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें रौंद दिया. राजेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. दुर्घटना की जानकारी इलाकाई पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल संतोष को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया. लेकिन संतोष ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मौत की खबर दोनों के परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. टक्कर मारने वाले वाहन को पुलिस ने कब्जे में लेकर हादसे की छानबीन शुरू कर दी. अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह ने बताया कि चरवा थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना हुई है. इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि दूसरे की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया. जो विधिक कार्रवाई है, वह की जा रही है.

### यूपी से दिल्ली तक बीजेपी में बढ़ी हलचल



नई दिल्ली। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव से पहले अंतिम बार अपने संगठन में बदलाव तेज कर दिया है. इस क्रम में बीजेपी ने गुरुवार को चार राज्यों के नए प्रदेश अध्यक्ष का एलान कर दिया. इसी बीच यूपी में भी बीजेपी के संगठन विस्तार को लेकर हलचल बढ़ गई है. ये हलचल योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी के कारण बढ़ी है. मंत्री दानिश आजाद अंसारी गुरुवार को दिल्ली दौरे पर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इसकी जानकारी मंत्री दानिश आजाद ने ट्विटर पर दी. उन्होंने मुलाकात की तस्वीरें भी शेयर की. जिसमें मंत्री के साथ जेपी नड्डा और अमित शाह नजर आ रहे हैं. सूत्रों के अनुसार दानिश आजाद शुक्रवार को भी दिल्ली में ही रहेंगे और उनकी मुलाकात पार्टी के कुछ और बड़े नेताओं से हो सकती है. वहीं जेपी नड्डा और अमित शाह से मुलाकात की जानकारी देते हुए दानिश आजाद ने लिखा, नई दिल्ली में माननीय गृह मंत्री आदरणीय श्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री जेपी नड्डा जी से स्नेहिल भेंट कर बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया. उन्होंने इस मुलाकात को एक शिष्टाचार मुलाकात बताया है. हालांकि अब इस मुलाकात के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं. मुलाकात ऐसे वक्त में हुई है जब राज्य में संगठन विस्तार होने वाला है. बता दें कि बीते दिनों यूपी बीजेपी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने होली से पहले ही राज्य में संगठन विस्तार का एलान होने की बात कही थी. लेकिन होले के करीब 17 दिन बाद भी अभी तक नहीं हो पाया है. लेकिन अब कई राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष के एलान के बाद मुलाकातों की वजह से सियासी हलचल बढ़ गई है. हालांकि संगठन विस्तार में किन नेताओं को जगह दी जाएगी इसकी कोई स्पष्ट जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है.

#### अखिलेश यादव और नीतीश कुमार ने बनाया प्लान

## बीजेपी का किला ध्वस्त करने लिए पल्लवी पटेल देंगी साथ



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिहाज से उत्तर प्रदेश हर पार्टी के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है. इस वजह से बीजेपी के खिलाफ विपक्षी दलों यूपी में मोर्चा बंदी करने का प्रयास कर रहे हैं. खास तौर पर समाजवादी पार्टी गठबंधन के साथ कई दल जुड़ रहे हैं. इस गठबंधन में अब अखिलेश यादव के साथ नीतीश कुमार के भी जुड़ने की चर्चा है. दरअसल, इस चर्चा की शुरुआत जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के बयान से हुई थी. बीते दिनों ललन सिंह ने लोकसभा चुनाव में जेडीयू के सपा गठबंधन के साथ जाने के संकेत दिए थे. जिसके बाद जयंत चौधरी और अखिलेश यादव ने भी इसपर प्रतिक्रिया दी. इस बीच जेडीयू ने यूपी में एक बड़ा बदलाव किया और राज्य में केसी त्यागी की जगह पर धनंजय सिंह को जेडीयू का राष्ट्रीय महासचिव बना दिया. दरअसल, धनंजय सिंह दो बार विधायक और एक बार जौनपुर से सांसद भी रह चुके हैं. धनंजय सिंह को जिम्मेदारी देने के फैसले को पूर्वांचल में जेडीयू के विस्तार से जोड़ कर देखा जा रहा है. अगर जेडीयू सपा गठबंधन के साथ जाती है तो पूर्वांचल में धनंजय सिंह सपा गठबंधन के लिए काम करेंगे. इसकी गिनती राज्य के बड़े बाहुबलियों में होती है. खास बात ये है कि बीते लोकसभा चुनावों में पूर्वांचल बीजेपी का गढ़ रहा है. हालांकि नीतीश कुमार और अखिलेश यादव को सपा विधायक और अपना दल कामरेवादी की नेता पल्लवी पटेल का भी पूरा साथ मिल रहा है. बीते दिनों पल्लवी पटेल बिहार के दौरे पर गई थीं. तब उनकी मुलाकात नीतीश कुमार से हुई थी. उस दौरान ललन सिंह भी वहां मौजूद थे. ऐसे में अगर नीतीश कुमार यूपी में भी बीजेपी के खिलाफ सियासी जंग छेड़ते हैं तो पल्लवी पटेल का पूरा साथ मिलेगा. हालांकि अभी तक गठबंधन को लेकर कोई एलान नहीं हुआ है. लेकिन ये सभी नेता थर्ड फ्रंट बनाने का प्रयास हुआ है.

## बोलीविया, मेक्सिको के बाद काशी में रोपवे बनेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बनारस के दौरे पर जाएंगे और वहां पर कुल 1780 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात जनपद वासियों को सौपेंगे. इस दौरान पीएम मोदी देश के पहले सार्वजनिक परिवहन रोपवे की आधारशिला रखेंगे. पीएम वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन पर इसका शिलान्यास करेंगे, जिसकी तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है. रोपवे बनने के बाद काशी विश्वनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं की राह आसान हो जाएगी. रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पर्यटक कुछ ही मिनटों में गोदौलिया पहुंच जाएंगे और फिर बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे. पहले चरण में रोपवे कैंट रेलवे स्टेशन से शुरू होकर गोदौलिया चौराहे को जोड़ेगा. इस दौरान रोपवे कुल पांच स्टेशनों- कैंट रेलवे स्टेशन, विद्यापीठ स्टेशन, रथ यात्रा, गिरघर और गोदौलिया स्टेशन से होते हुए 4.5 किमी की दूरी तय करेगा. रोपवे के चालू हो जाने के बाद एक से डेढ़ घंटे का समय घटकर 16 मिनट हो जाएगा.



साथ ही रोपवे कार में 11 लोगों के बैठने की सुविधा होगी. 555 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. प्रथम चरण के लिए 31 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है. आज के ही दौरे पर पीएम मोदी पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों को एक नया इंटीग्रेटेड पैक हाउस गिफ्ट में देंगे. यह राज्य में तीसरी ऐसी सुविधा होगी, जिसका उपयोग सब्जियों और फलों के भंडारण और पैकेजिंग के लिए और क्षेत्र से कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा. पैक हाउस करखियांव में 4,461 वर्ग फुट क्षेत्र में 15.78 करोड़ रुपये में बनाया गया था. यह जापान, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया और यूरोप में बनारसी लंगड़ा आम, फूलगोभी, हरी मिर्च और टमाटर की आपूर्ति बढ़ाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है, जो पूर्वी यूपी में बहुतायत में उगाए जाते हैं.

## खालिस्तानियों पर बड़ी कार्रवाई! लंदन के भारतीय दूतावास पर बवाल करने वालों पर दिल्ली पुलिस ने यूएपीए में दर्ज किया केस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लंदन में भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन और देश के झंडे का अपमान करने वालों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गृह मंत्रालय के आदेश पर लंदन दूतावास में प्रदर्शन करने वाले खलिस्तान समर्थकों पर मुकदमा दर्ज किया है. इन खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ यूएपीए और पीडीपीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस ऐसे लोगो की पहचान में जुटी है, जो भारत के नागरिक होने के साथ बाहर रह रहे हैं और देश-विरोधी प्रदर्शन का हिस्सा रहे हैं. बताया जा रहा है कि विदेश मंत्रालय ने केंद्रीय गृहमंत्रालय को इस मामले पर कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा था. जानकारी के मुताबिक, विदेश मंत्रालय ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को लंदन के भारतीय दूतावास पर हुए प्रदर्शन के बाद कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा था. जिस पर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई करने को कहा था. इस मामले का संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस ने यूएपीए और पीडीपीपी की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है. इसी के साथ दिल्ली पुलिस की




स्पेशल सेल ने जांच शुरू कर दी है. दिल्ली पुलिस के रडार पर भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन करने वाले वो लोग हैं, जो भारत के नागरिक हैं और विदेशों में रहकर देशविरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं.

बीती 19 मार्च को लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर खालिस्तान समर्थकों की भीड़ ने प्रदर्शन किया था. इस दौरान खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय उच्चायोग पर लगे तिरंगे झंडे को जबरन खीचकर उतारने की कोशिश की थी. तिरंगे के अपमान पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी. जिसके बाद भारत की ओर से दिल्ली में ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया और भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा पर स्पष्टीकरण की मांग की थी. विदेश मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि ब्रिटेन में भारतीय राजनयिक परिसरों और कर्मियों की सुरक्षा में ब्रिटेन सरकार की बेरुखी दिखी, जो किसी भी तरह से स्वीकार नहीं की जा सकती है. विदेश मंत्रालय की ओर से ब्रिटेन की सरकार को विएना संधि के तहत उनके बुनियादी दायित्वों की याद दिलाई.

## हवा में उड़ान भरने के 1 मिनट बाद ही घर से टकराया प्लेन

**नई दिल्ली।** झारखंड के धनबाद जिले में एक ग्लाइडर प्लेन उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही क्रैश हो गया. बताया जा रहा है कुछ तकनीकी खराबी के कारण 500 मीटर दूरी के बाद ही अचानक नीचे गया और एक घर से टकरा गया. बरवाड़ा पुलिस ने बताया, इस हादसे में ग्लाइडर प्लेन के पायलट और 14 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना का वीडियो वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है प्लेन उड़ान भरने के 1 मिनट बाद ही क्रैश हो गया. ग्लाइडर प्लेन ने गुरुवार (23 मार्च) शाम करीब 5=30 बजे धनबाद के बरवाड़ा हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी. उड़ान भरते ही प्लेन में कुछ तकनीकी खराबी हो गई और संतुलन बिगड़ गया. जिसके बाद प्लेन एक घर से टकरा गया. ग्लाइडर में तीन लोग मौजूद थे, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. पायलट के साथ एक यात्री भी था, जिसकी उम्र 14 साल बताई जा रही है. स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. नीलेश कुमार ने बताया, हादसे के वक्त परिवार के सदस्य घर के अंदर मौजूद नहीं थे, जब ग्लाइडर मकान से टकराया तो बच्चे बाहर खेल रहे थे, जिस वजह से सिर्फ मकान ही क्षतिग्रस्त हुआ है.

# भारत ने पाकिस्तान को यूएन में फिर धोया

भारत ने गुरुवार (23 मार्च) को संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई. भारत ने मानवाधिकार परिषद के सत्र में कहा कि दुनिया को उस पाकिस्तान से लोकतंत्र और मानवाधिकार पर सीखने की जरूरत नहीं है. जो आतंकवाद और हिंसा का सबसे बड़ा निर्यातक है और इसमें उसका योगदान की कोई बराबरी नहीं कर सकता. जहां आतंकवादी फलते-फूलते हैं और सड़कों पर बेखौफ घूमते हैं. मानवाधिकार परिषद के 52वें सत्र में राइट ऑफ रिप्लाई का इस्तेमाल करते हुए भारत के अपर सचिव डॉ. पीआर तुलसीदास ने पाकिस्तान से भारत के खिलाफ फर्जी एजेंडा चलाने और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिशों की जगह अपने देश में अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा से जुड़ी चिंता करने को कहा.

भारत के अंडर सेकेट्री डॉ. पीआर तुलसीदास ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की ओर से आतंकवादी घोषित किए गए 150 आतंकियों की पनाहगाह है और ये लोग वहां चुनाव लड़ने के साथ प्रचार करते हुए भी नजर आते हैं. उन्होंने कहा कि क्या पाकिस्तान इस तथ्य को नकार सकता है कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, क्योंकि वहां



ऐसे अपराधों पर सजा नहीं दी जाती है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इनकार कर सकता है क्या कि दुनिया का सबसे बड़ा आतंकी ओसामा बिन लादेन एक सैन्य ठिकाने के पास रहता था, जिसे सुरक्षा और पनाह वहां के लोगों ने ही दी थी. उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि केंद्रशासित राज्य अब पूरे देश के साथ शांति और विकास की ओर आगे बढ़ रहा है. पाकिस्तान की ओर से लगातार माहौल बिगाड़ने की कोशिशों के बावजूद ये हो रहा है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में आतंकी समूहों को समर्थन दिया जाता है और भारत के खिलाफ भ्रामक खबरों का कैंपेन चलाया जाता है. भारत के अंडर सेकेट्री तुलसीदास ने कहा कि पाकिस्तान के डेलीगेट अपने देश का भारत के खिलाफ चलाए जाने वाले प्रोपेगेंडा के असफल होने से खीझ रहे हैं. भारत का बहुलतावादी लोकतंत्र किसी भी मुद्दे पर बोलने के लिए परिपक्व है, जिसमें बाहरी उकसावे वाले मुद्दे भी शामिल हैं. उन्होंने कहा कि भारत एक सेकुलर देश है और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा करना हमारी मुख्य नीति है. इसके उलट पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को ईशनिंदा कानून, व्यवस्थाजनित उत्पीड़न, भेदभाव, बुनियादी अधिकारों की स्वतंत्रता न मिलने, गायब होने और हत्याओं जैसी चीजों को झेलना पड़ता है. धार्मिक आधार पर भेदभाव के चलते लोगों की जान पर बन आती है.

## एक नजर...

### थाना पिछोर पुलिस ने ग्राम गढ़रौली से शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर भेजा जेल

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर



**पिछोर।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूरिया एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य थाना पिछोर टी आई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने ग्राम गड़रौली से शातिर बदमाश मोहन सिंह गौर पुत्र बाबू सिंह गौर उम्र 35 वर्ष निवासी गढ़रौली को गिरफ्तार किया । मोहन सिंह गौर को दिनांक 14फरवरी 23 को ग्राम गढ़रौली के निवासियों से झगड़ा करने पर 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जो 18 दिन जेल में रहा व 3 मार्च 23 को जेल से रिहा होकर आया इसके बाद इसने शराब व गांजा पीकर दिनांक 22 मार्च 23 को अपने भाई पुष्पेंद्र सिंह गौर की गाली गलौज कर मारपीट की ।पुलिस थाना पिछोर में पुष्पेंद्र ने रिपोर्ट की तो पुलिस थाना पिछोर की टीम ने मोहन सिंह गौर को धारा 122 जाब्ता फौजदारी में गिरफ्तार किया व एसडीएम कोर्ट पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।मोहन सिंह गौर के भाई पुष्पेंद्र ने बताया था कि अगर मोहन सिंह गौर को जेल नहीं भेजा गया तो उसके साथ कोई भी गंभीर घटना घटित कर सकता है ।मोहन सिंह गौर का ग्राम गढ़रौली में काफी भय एवं आतंक था इसके जेल जाने से निश्चित ही गांव में शांति का वातावरण निर्मित होगा। पुलिस थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक संतोष यादव, आरक्षक कमल सिंह मांझी व रवि नरवरिया की मुख्य भूमिका रही।

### मजदूर परिवार की मदद करने सरकार को लगाए गुहार

संवाददाता हेमचंद नागेश



**छुरा।** ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम पंचायत साजापाली के आश्रित ग्राम नवाडिही के एक परिवार के मुखिया 50 वर्षीय मोहन पटेल अपनी शरीर व पेट दर्द से विगत साल भर से परेशान हैं। उसकी पत्नी कुमारी बाई ने बताया अपने पति का ईलाज कराने सरकारी अस्पताल छुरा फिंगेश्वर, महासमुंद ,राजिम के साथ-साथ निजी अस्पताल संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल नयापारा आयुष्मान हॉस्पिटल नयापारा सोनी मल्टी हॉस्पिटल अभनपुर सोहम मल्टी हॉस्पिटल महासमुंद सेवेन हिल्स विशाखापटनम श्री राम इमेजिक रायपुर शाह नर्सिंग होम नयापारा बहुत से अस्पतालों में इलाज करा कर थक चुके हैं।अब तक 3 लाख से अधिक खर्च हो चुका है।नहीं हमारे पास अपनी कोई जमीन है। लोगों से कर्ज ले लेकर इलाज कराते कराते कई लोगों का कर्जदार हो चुके हैं। अब हमारे आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि ईलाज कराना हमारे बस की बात नहीं है। मेरे पति दर्द में 1 दिन भी नहीं सो पाते अपनी दुख दर्द किन्हे बताएं ऐसे पीड़ित परिवारों की जानकारी गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक सदस्य व समाजसेवी मनोज पटेल को होने पर उन्होंने शासन व समाज के लोगों से मदद करने अपील किए हैं।

### देवभोग-आत्मानन्द में फर्नीचर घोटाले के खिलाफ एबी व्हिपी ने खोला मोर्चा

**जांच कर कार्यवाही करने की मांग, आंदोलन की भी दी चेतावनी**



संवाददाता हेमचंद नागेश

आज एबीव्हिपी देवभोग नगर मंत्री विवेकानन्द यादव के नेतृत्व में परिषद के छात्रों ने एसडीएम अर्पिता पाठक के समक्ष ज्ञापन सौपा है जिसमे स्वामी आत्मनन्द स्कूलों में हुए फर्नीचर घोटाले की जांच करने की मांग किया है।दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की भी मांग की गई है।जांच व कार्यवाही नही होने पर एबीव्हिपी के बैनर तले आंदोलन करने की भी चेतावनी दी गई है। बताना जरूरी है कि जिले के 3 आत्मानन्द स्कूलों में 30 लाख कीमत के फर्नीचर की सप्लाई की गई है।सप्लायर फर्म के बिल में जिस प्रकार के सामग्रीयो का जिक्र है उस स्तर के सामग्री को सप्लाई नही हुई है। गोहरापदर नगर मंत्री क्षितिज नारायण तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के राज में घपलेबाजों ने शिक्षा जैसे पवित्र संस्थान को भी अपना चारागाह बना डाला है। तिवारी ने कहा कि स्कूली छात्रों के किताब, खिलौने के नाम पर भी इस जिले में जमकर भर्राशाही हुई है। न तो पहले कार्यवाही न अब होगी।शिक्षा विभाग में हुए घपलों के खिलाफ आगे जल्द ही रणनीति बनाकर एबीव्हिपी छात्र संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। आज सौपे गए ज्ञापन में जिला संयोजक रंजन यादव, नगर मंत्री विवेकानंद यादव, मोहन यादव, कृष्णकांत वैष्णव, योगेश निधि, तेजेश बीसी प्रमूख रूप से उपस्थित रहें।

# आज से भरे जाएंगे लाड़ली बहना योजना के आवेदन, हितग्राही की ईकेवाईसी होना जरूरी

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- अभी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के आवेदन 25 मार्च से भरे जाएंगे। शिवपुरी जिले में कुल 1473 कैंप लगेंगे जिसमें 1257 कैंप ग्रामीण क्षेत्र में और 216 कैंप नगरीय क्षेत्र में रहेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी और योजना के नोडल अधिकारी देवेंद्र सुंदरियाल ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के आवेदन 25 मार्च से भरना शुरू होंगे। इसमें महिलाओं को आवेदन भरने के लिए कहीं परेशान नहीं होना है उनके गांव और वार्ड में ही कैंप लगेंगे। कैंप में जाकर हितग्राही महिलाओं को अपना आवेदन जमा करना है लेकिन इसमें यह भी जरूरी है कि संबंधित हितग्राही महिला की समग्र ईकेवाईसी होना चाहिए। इसके लिए यह व्यवस्था की जा रही है कि कैंप के साथ ही ईकेवाईसी की भी सुविधा रहे।



जिन्होंने अभी तक ईकेवाईसी नहीं कराया है और योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो ईकेवाईसी जरूर कराएं तभी आवेदन जमा करें। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए और सभी जिलों में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक करके सभी जनपद सीईओ को भी निर्देश दिए। इसमें कैंप में पेयजल, छाया की व्यवस्था की जाए और एक साथ बहुत अधिक लोगों की भीड़ ना लगे इसके लिए टोकन की व्यवस्था की जाए जिससे महिला हितग्राहियों को भी असुविधा नहीं होगी।



### आप पार्टी ने की जिला कार्यकारिणी घोषित अनुभव गौतम को जिलाध्यक्ष की कमान

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

दमोह। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी पार्टियां अपना दमखम भरने के लिए तैयार हैं,इसी को लेकर आप पार्टी द्वारा शुक्रवार को शहर के पवित्र बंधन गार्डन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें आप पार्टी के द्वारा जिला प्रारंभिक कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें अनुभव पिंकू गौतम को जिलाध्यक्ष का दायित्व मिला तो वही चंद्रमोहन लोकसभा प्रभारी, बसंत राय, प्रदेश मजदूर यूनियन अध्यक्ष, विकास पांडे सोशल मीडिया प्रभारी, प्रीति लोधी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, प्रकाश लारिया यूथ विंग जिलाध्यक्ष, अमित सोनी लोकसभा सहसचिव, ब्रजेश चौबे सचिव को दायित्व सौंपा गया। इस मौके पर पार्टी के संजू करोसिया, पुष्प मित्र जैन, अजय राज, पुष्पेंद्र यादव, सुनीता मिश्रा, पवन राज, मनोज पचौरी निखिलेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं मीडिया कर्मियों की उपस्थिति रही।

# जिले में आयोजित रोजगार दिवस पर लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

**शिवपुरी।** शिवपुरी शहर के गांधी पार्क स्थित कम्युनिटी हॉल में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक कोलारस वीरेंद्र रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अतिथियों व्ड़दारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रोजगार मूलक योजनाओं के तहत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ का वितरण किया गया। इस अवसर पर नीमच से मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्ड़यमंत्री श्री शिवराजसिह चौहान ने वर्चुअली सम्बोधन में कहा कि प्रदेश की बेटी बोझ नहीं वरदान बने इसके लिए हमने लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई। मुझे प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश में अब 44 लाख 50 हजार बेटियां लखपति बन चुकी है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के 2 लाख से अधिक युवाओं को 2779 करोड़ का ऋण वितरण कर विभिन्न कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को प्राप्त होने वाले ऋण से वे तो आत्मनिर्भर बनेंगे ही साथ में और लोगों को भी रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। प्रदेश सरकार महिला




को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी संपूर्ण रूप से कार्यरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में संचालित की गई जनहितैषी योजनाएं बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गो के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन नये उद्यमियों को अनेकों सुविधाएं प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन द्वारा भी युवाओं को नये उद्योग स्थापित करने में मदद के लिए हर कदम पर सहायता की जा रही है। प्रारंभ में अतिथियों ने मॉ सरस्ड़वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोजगार दिवस कार्यक्रम के माध्यम से जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा संत रविदास योजनांतर्गत देवेन्द्र पचौरी, अतरसिंह परिहार, सोनू सेजवार, उमा भारती को स्वरोजगार हेतु ऋण वितरण किया गया। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा किराना दुकान के लिए सुदामा आदिवासी, लक्ष्मण आदिवासी, इंदिरा आदिवासी, राजकपूर आदिवासी, सुगर सिंह आदिवासी, रोशन आदिवासी, करन सिंह, रामराज आदिवासी को ऋण राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। म.प्र.खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनांतर्गत तारा बाई धाकड़, धमेन्द्र वघेल, प्रियंका व्यास, दीपक कुमार योगी, हरिकृष्ण झा एवं हरीसिंह जाटव को स्वरोजगार हेतु ऋण राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना तथा पीएमईजीपी योजना अंतर्गत सतेन्द्र गुप्ता, अजय राय, सोनू जाटव, प्रमोद धाकड़, भूपेन्द्र सिंह, मालती राय, सोनू बावर, विजय सिंह कुशवाह, राजकुमार प्रजापति, लोकश जोशी को स्वयं का रोजगार हेतु ऋण राशि स्वीकृत की गई है। नरेन्द्र जैन, आशा जैन, रामसेवक शाक्य, सोनेराम धाकड़, भागीरथ नामदेव, हेमंत लखेरा, राखी झा, लखन शाक्य एवं अजय गुप्ता को विभिन्न व्यवसायों में ऋण स्वीकृत किया गया।

### प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा को किसान के लिए कल्याणकारी बताते हुए क्षेत्र के पूरे किसानो की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति यूथ कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष ने जताया आभार

संवाददाता हेमचंद नागेश



देवभोग। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगामी धान खरीदी वर्ष में किसानो से प्रति एकड़ 15 क्विंटल के बजाय अब 20 क्विंटल खरीदने की घोषणा किया हैं।जिसे लेकर पूरे प्रदेश में उनके फैसले की सराहना की जा रही हैं। इसी कड़ी में यूथ कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष निराकार डोंगरे ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसान हित में लिया गया यह फैसला प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी के घोषणा से क्षेत्र के किसानों में खुशी के माहौल है। उन्होने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसान पुत्र है वे किसानों के दुःख दर्द को भली भांति समझते हैं। अन्नदाताओं के हित में लिए गए यह निर्णय ऐतिहासिक है जो कांग्रेस पार्टी के लिए मिल का पत्थर के समान कारगर साबित होगा व छत्तीसगढ़ में आने वाले समय में फिर से हाथ का परचम फिर से लहराएगा। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुखमंत्री भूपेश बघेल व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय मोहन मरकाम जी के नेतृत्व से छत्तीसगढ़ में पुनः एक बार कांग्रेस की सरकार बनेगी। भूख मिटाने और अपने जीवन के अस्तित्व को बचाने के लिए जो किसान हित में कार्य कर रहे हैं उनके लिए सदैव कांग्रेस पार्टी ने न्याय देने का काम किया है। जब भी हम अपने खाने और उसे पैदा करने वाले के बारे में सोचते हैं तो मन में केवल एक ही तस्वीर आती है और वो है किसान, किसान ही हमारे अन्नदाता हैं। जो हमारे लिए अन्न पैदा करते है। पूर्व में भाजपा की रमन सरकार ने किसानों को ठगने का काम किया बोनस देने के नाम से किसानो को धोखा दिया,जिसका छत्तीसगढ़ के किसानों भाइयों द्वारा भाजपा को सत्ता से बाहर कर करारा जवाब दिया। कांग्रेस सरकार सदैव किसान हितैसी सरकार है। जो किसानो का कर्जा माफ कर सकती है,2500 रुपया क्विंटल में धान खरीद सकती हैं,और एकड़ प्रति 20 क्विंटल धान भी ले सकते हैं। यूथ कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष निराकार डोंगरे ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लिए गए इस फैसले के लिए क्षेत्र भर से किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल आभार व्यक्त करने के लिए जल्द उनसे भेंट करने जाएंगे।

### स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े अमले को पूरी क्षमता के साथ टी.बी. से लड़ाई में जुटने के लिए प्रेरित किया जाये: सीएमएचओ डॉ. संगीता त्रिवेदी

पुष्पांजली टुडे



दमोह। विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संगीता त्रिवेदी ने जिला चिकित्सालय परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होने कहा प्रधानमंत्री के 2025 तक टी.बी. मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए अधिकाधिक लोगों को टी.बी. के लक्षणों के प्रति जागरूक किया जाये, ताकि लोग स्वयं से ही टी.बी. की पुष्टि के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं पर आयें। टी.बी. की पुष्टि होने पर चिकित्सक द्वारा दिये गये उपचार अनुसार नियमित रूप से दवाईयों का सेवन करना जरूरी है। इस दौरान जिला क्षय नोड़ल अधिकारी डॉक्टर गौरव जैन एवं जिला माध्यम अधिकारी मौजूद रहे। रैली के दौरान तख्तियों के माध्यम से टी.बी. के लक्षणों के प्रति जागरूकता संदेश देते हुए बताया गया कि नियमित रूप से बुखार आना, खांसी, वजन कम होना, पसीना आना जैसे लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क खखार की जांच करायें। स्वच्छता के साथ पौष्टिक आहार सेवन तथा टी.बी. उपचार में उपयोगी डॉट्स के निर्धारित अवधि तक नियमित रूप से सेवन का संदेश भी दिया गया। रैली जिला चिकित्सालय परिसर से होते हुए घंटाघर चौराहा, बस स्टेण्ड, बैंक चौराहा, अंबेडकर चौक होते हुए जिला क्षय इकाई में आयोजित कार्यशाला में परिणित हुई। रैली दौरान एकलव्य नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं, टी.बी. चैम्पियन्स, जिला क्षय इकाई से जुड़ा स्वास्थ्य अमले के अलावा स्वैच्छिक संगठन दीपा एवं ममता फाउण्डेशन के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# कांग्रेस प्रदेश सचिव ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द किया जाना दुर्भावनापूर्ण यह दिन लोकतंत्र के लिए पीड़ा का दिनस भाजपा की हर साजिश का जोरदार तरीके से मुकाबला करेंगे**

पुष्पांजली टुडे

दमोह। कांग्रेस प्रदेश सचिव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द किया जाना दुर्भावनापूर्ण और लोकतंत्र पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि भाजपा राहुल गांधी के सच बोलने से डरती है और जिन लोगों ने देश को लूटा है उनका बचाव कर रही है। भाजपा को जिससे भी डर लगता है वो उसे रास्ते से हटाने की कोशिश में लग जाती है। राहुल गांधी के सवालों से डरी हुई भाजपा आज उन्हें लोकसभा से दूर करने में लगी हुई है। कांग्रेस भारत जोड़ने में लगी है और भाजपा भारत तोड़ने में। आज का दिन लोकतंत्र के लिए पीड़ा का दिन है। उन्होंने कहा कि जब जब कांग्रेस पार्टी को दबाने की कोशिश हुई है तब तब कांग्रेस पहले से ज्यादा ताकतवर बन कर वापस लौटी है। इससे पहले भी जनता पार्टी शासन के दौरान स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी की भी लोकसभा की सदस्यता छीनी गई थी। उसके बाद 1980 में जनता ने फिर से कांग्रेस पार्टी को जनादेश देकर सत्ता सौंपी थी। सिंह ने कहा कि एक एक कांग्रेस कार्यकर्त्ता राहुल गांधी के साथ खड़ा है। कांग्रेस भाजपा की हर साजिश का जोरदार तरीके से मुकाबला करेगी और लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ होने वाले षड्यंत्र को कामयाब नहीं होने देंगी।



# युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे के नेतृत्व में मनाया गया शहीद दिवस, किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आशीष पांडे ने कहां इनकी बलिदानी को मेरा शत-शत नमन

संवाददाता हेमचंद नागेश

देवभोग– देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया गया। स्थानीय देवभोग के हृदय स्थल पर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित श्याम शंकर मिश्र के मूर्ति के सामने सर्वप्रथम देवभोग के समाज सेवक घनश्याम रेवती प्रधान के द्वारा दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, तत्पश्चात युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे ने



अपने वक्तव्य में कहा कि आज का दिन गौरवशाली भरा रहा है क्योंकि आज ही के दिन हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु देश की आजादी के लिए शहीद हुए थे जो युवाओं के लिए आज भी प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनकी यह शहादत कभी भुलाया नहीं जा सकता तथा आज भी हम युवाओं को अपने अंदर इसी प्रकार की भावना जागृत कर देश सेवा में लगना चाहिए। इस शहीद दिवस के मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार से संबंध रखने वाले एवं किसान कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष आशीष पांडे ने भी इन शहीदों को याद कर कहा कि इन्हीं लोगों के बदौलत आज हम आजाद हुए हैं, इनकी बलिदानी आज पूरे भारत में शहीद दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। साथ ही कहा कि इन शहीदों की बलिदानी को मेरा शत-शत नमन इस शहादत दिवस के मौके पर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष उमेश डोंगरे, युवा कांग्रेस जिला सचिव पुस्तम बघेल, किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आशीष पांडे,पुनीत नेताम, टीकम निषाद,केशव सिन्हा,सूर्या सिंदूर,दुर्गेश मरकाम, योगेंद्र आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में शहीद दिवस के अवसर पर शौर्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया





**अनिल कुमार, पुष्पांजली टुडे पाटन/गुजरात**

शहीदों का सम्मान करने और देश के लिए उनके बलिदान को याद करने के लिए हर साल भारत में शहीद दिवस मनाया जाता है। पाटन जिले में भी शहीद दिवस मनाया गया। प्रयास वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा रोटरी क्लब ऑफ पाटन/रोटरेक्ट क्लब ऑफ पाटन के सहयोग से आयोजित शौर्य संध्या में बड़ी संख्या में पाटन के लोगों ने वीर सापुतो को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

शौर्य संध्या कार्यक्रम में राज्य भर से सभी सैनिकों के परिवारों को आमंत्रित किया गया था। उन्हें आमंत्रित करने के साथ ही उनके आने-जाने और ठहरने की व्यवस्था भी की गई। साथ ही आज के कार्यक्रम में सैनिकों के परिवारों को एक लाख 11 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की गई.



शहीदों को याद करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम पूर्व में भी वर्ष-2019-21 में प्रयास वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा रोटरी क्लब ऑफ पाटन/रोटरेक्ट क्लब ऑफ पाटन के सहयोग से किए जा चुके हैं। शौर्य संध्या पर लोगों को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर श्री सुप्रितसिंह गुलाटी ने शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि आज का दिन हमारे देश के लिए बहुत ही खास और भावुक करने वाला दिन है. स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने कम उम्र में ही देश की आजादी के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। जिससे वह भारतीयों और खासकर युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। उनकी क्रांति और उत्साह आज के युवाओं की रगों में दौड़ता है। छोटी सी उम्र में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन क्रांतिकारी शहीदों को व देश की जनता की रक्षा करने वाले सभी जवानों को शत शत नमन। जिले में आयोजित शौर्य संध्या कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। आज के कार्यक्रम में डॉ. जयंतीभाई भाडेसिया, श्री योगेन्द्रसिंह यादव (परमवीर चक्र प्राप्त), जिला विकास अधिकारी श्री डीएम सोलंकी, राष्टीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत, पूर्व महामंत्री के.सी पटेल, कुलदीप यादव सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी मौजूद रहे।

## संतों के आशीर्वाद से जीवन धन्य हो जाता है श्री ठाकुर

**पुष्पांजली टुडे**



दतिया जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सनत सनातन सनत कुमार की तपोभूमि सेवड़ा से वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज सेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर दिल्ली पहुंचे और उन्होंने दिल्ली पहुंचकर परम पूज्य शतायु संत श्रोत्रिय ब्रह्मानिष्ठ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज, संस्थापक व परमाध्यक्ष श्री गीता विज्ञान आश्रम (गीता साधना शिक्षा केंद्र), विष्णु गार्डन, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड भारत महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया आशीर्वाद प्राप्त करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा कि संतो का आशीर्वाद पाकर जीवन धन्य हो जाता है हमारे ऊपर ईश्वर की कृपा तो रहती है पर संतों महंतों का आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे हमारे परम पूज्य महाराज श्री का आशीर्वाद सदैव यूही बना रहे । संतों के आशीर्वाद से हमें संसार में ही सभी सुख प्राप्त हो जाते हैं । इस अवसर पर समाज सेवा टीम के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## विशेष पुलिस महानिदेशक सीआईडी भोपाल एवं पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन द्वारा पुलिस अधिकारियों की ली गई बैठक अवैध रेत उत्खनन परिवहन एवं ओवर लोडिंग पर सख्त कार्यवाही के दिये निर्देश

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** विशेष पुलिस महानिदेशक सीआईडी भोपाल जी.पी. सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशांन्त कुमार सक्सेना द्वारा भिण्ड जिले के पुलिस कन्ट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति में पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया तथा उनके थाने के अपराध के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही जिन थाना क्षेत्रों में रेत की संचालित खदानें तथा बन्द रेत खदानों की जानकारी ली गई तथा वहाँ आने वाली कठिनाईयों के बारे में भी पूछा गया विशेष पुलिस महानिदेशक द्वारा जिले में माईनिंग के संबंध में समस्या एवं कमियों को भी अवगत कराया गया तथा वर्तमान में की गई कार्यवाही के संबंध में असंतोष व्यक्त किया गया तथा अधिक से अधिक कार्यवाही पर जोर दिया गया। विशेष पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बैठक में अवैध रेत उत्खनन परिवहन एवं ओवर लोडिंग पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये तथा अवैध उत्खनन करवाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावे। साथ ही हिदायत दी गई कि यदि उक्त अवैध कार्यवाहियों एवं गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी। जिन पुलिस अधिकारी / कर्मचारियों के द्वारा अच्छी कार्यवाही की जाती है उन्हें पुरुष्कृत किया जावेगा। पुलिस अधीक्षक श्री चौहान द्वारा इस संबंध में अवैध उत्खनन, परिवहन, ओवर लोगिंग के विरुद्ध संबंधित थाना प्रभारी एवं राजपत्रित पुलिस अनुभाग अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित कर अधिक से अधिक कार्यवाही कराई जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

## महुआ पुलिस व वनविभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्यबाही में चम्बल की अबैध रेत 100 ट्राली नष्टीकरण कर कारबाही की

**केशब पंडित जी अम्बाह**



**अम्बाह।** पुलिस अधीक्षक आसुतोष बागरी व अति. पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरबरिया के निर्देशन में एवं एसडीओपी.अम्बाह श्री परिमाल सिह मेहरा के मार्गदर्शन मे आज दिनांक 24.03.23 को महुआ थाना प्रभारी ऋष्रीकेश शर्मा मय पुलिस बल व राजस्व विभाग व वन विभाग द्वारा अबैध रेत के भण्डारण पर संयुक्त कार्यबाही की गयी। जिसमे ग्राम खुर्द मे सर्वे क्र. 1229 रक्बा 6.355 हेक्टेयर चरनोई भूमि पर करीबन 100 ट्राली 250 घन मीटर करीबन 300000 रू का अबैध रेत का भण्डारण था मिट्टी मे मिलाकर नष्टीकरण की कार्यबाही की गयी तथा प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यबाही में श्री विकाश सिह भदौरिया नायब तहसीलदार पोरसा, राजस्व निरीक्षक देबेन्द्र नरबरिया, हलका पटबारी यतेन्द्र सिकबार महुआ थाना प्रभारी ऋषिकेश शर्मा प्रआर। 342 विजय आर. 1239 मनजीत सिह आर. 1217 राघवेन्द्र तिपरिमापी आर. अनिल परमार व वनरक्षक आशीष उपाध्याय, वनरक्षक विनोद कुमार यादब व वनरक्षक भानू प्रताप सिह का योगदान कर रहे हैं।

# युवाओं के लिए हर क्षेत्र में समर्पित है मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार : अतुल पाठक

## युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवार द्वारा दिए गए सुझाव शिवराज सरकार ने युवा नीति में किए शामिल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भोपाल में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं के बीच में राज्य युवा नीति और युवा पोर्टल का अनावरण किया। इस राज्य युवा नीति और युवा पोर्टल के अनावरण पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने कहा कि हमारे युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने इस युवा नीति और युवा पोर्टल को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष पवार के नेतृत्व में पिछले 2 महीने से युवा मोर्चा ने प्रदेश के कई जिलों से युवा नीति के लिए प्रदेश के युवाओं से सुझाव लिए , प्रदेश अध्यक्ष पवार ने इन सुझावों का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपा , पाठक ने बताया कि हम युवा मोर्चा के लिए यह खुशी की बात है कि जो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार द्वारा दिए गए सुझावों को



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवा नीति में सम्मिलित किया। भाजपा सरकार हमेशा से ही युवाओं के लिए हर क्षेत्र में समर्पित रही है। युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं के लिए युवा कौशल कमाई योजना बना रहे हैं, इसमें सीखो और कमाओ मॉडल के तहत युवाओं को कम से कम 8000 रुपए दिए जाएंगे। जिसके लिए 1 जून से रजिस्ट्रेशन होगा और 1 जुलाई से पैसा मिलना शुरू हो जाएगा। साथ ही सरकार उन संस्थानों के नाम भी जारी करेगी, जिन्हें नौकरी देना है। बाद में उसे स्थाई रोजगार मिल जाएगा। इसके लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है । शिवराज सरकार ने युवा नीति में प्रदेश के युवाओं के लिए कई एम ऐलान किए हैं, जोकि प्रदेश के युवाओं के लिए हितकारी और लाभकारी हैं।



# कांग्रेस महिला नेत्री कुशवाह ने क्षेत्र में किया जनसंपर्क

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कांग्रेस नेता गुड्डू बाल्मीकि के निवास पर इंटक प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शांति कुशवाह का फूल मालाओं के द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 26 में स्वागत किया गया स्वागत बाली महिलाएं सुनीता देवी बाल्मिक मुस्कान पाथरे करिश्मा पाथरे, सविता देवी, सुनीता बाल्मिक, चंदा बाल्मिक इस अवसर पर शांति कुशवाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा यहां की रहने वाली हूं और हम देख रहे हैं भिंड नगर पालिका क्षेत्र में 39 वार्ड गलियों को ही देख लो जो बरसात आने के समय लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है भिंड शहर में पानी की लाइन आर ओ वाटर बिछाई जा रही है जो कि अभी तक चालू नहीं की गई है शांति कुशवाहने कहा सीवर की लाइन जो शहर के अंदर बिछी हुई है इसमें भी काफी भ्रष्टाचार पनपा है,अभी तक हमारी भिंड नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा नहीं मिल पा रहा है जोकि शिवराज सिंह जब भी आते हैं भिंड को नगर निगम बना देंगे तारीख नहीं बताएंगे जबकि पूर्व में इसकी समीक्षा हो चुकी है कुछ राजनीतिक के अटकलों के चलते भिंड को नगर निगम का दर्जा प्राप्त नहीं दिया जा रहा है, इस अवसर पर प्रदीप डोलिया, अभिलाष, लज्जाराम क्रोशिया, चरण सिंह मंन्टू रूपेश पथरे आदि लोग मौजूद रहे।

## आज ग्राम -असोहना मौ में शिवपाल सिंह गुर्जर (पंचायत सचिव) के निधन पर भाजपा के नेता पहुंचे दुखद परिवार के बीच शोक संवेदना व्यक्त करने

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**

असोहना में स्वः श्री शिवपाल सिंह गुर्जर (पंचायत सचिव) के निधन पर उनके दुखद परिवार के बीच शोक संवेदनाएं व्यक्त करने पहुंचे भाजपा के कई नेता रणवीर सिंह जाटव पूर्व विधायक गोहद एंव प्रदीप अग्रवाल पूर्व विधायक सेबढा जिलाअध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर कीरतपुरा गोविंद नागिल नगर पालिका उपाध्यक्ष सेबढा रामबहादुर गुर्जर जनपद सदस्य (इकोना दतिया) पुरुषोत्तम बनोरिया पप्पन यादव मौ रतवा राजू संरपच देहगांव डॉ अवधेश सिंह जिलापंचायत सदस्य सम्मिलित हुए।








# इंसान व जानवर के बीच प्यार-दोस्ती की तलाश



जब हाथी के बच्चे रघु और उसके पालनकर्ता बोमन व बैल्ली तथा इस डाक्यूमेंट्री को सबसे अच्छी डाक्यूमेंट्री फिल्म पर ऑस्कर पुरस्कार मिलने की खबर पढ़ी तो सहसा ही अनेक वे बातें याद आने लगीं जो देखी, पढ़ी, सुनी और खुद अनुभव की हैं। हालांकि, बोमन और बैल्ली को ऑस्कर के बारे में कुछ पता नहीं है। लेकिन वे इस बात पर खुश भी हैं कि फिल्म बनाने वालों की मेहनत सफल हुई। उनका कहना है कि जंगल में उनका जीवन अनाथ हाथियों को पालते ही बीता है। अक्सर हाथी बिजली के करंट से मर जाते हैं। ऐसे में यदि कोई हाथी का बच्चा अनाथ हो गया तो उसकी जिम्मेदारी किसी परिवार को सौंप दी जाती है। बोमन और बैल्ली का परिवार ऐसा ही है। पिछले दिनों एलिफेंट विस्परर्स की तरह का ही एक विदेशी वीडियो देखा था। जिसमें एक स्त्री ने हाथी के बच्चे को बचाया था। वह उसके घर में ही रहता है। महिला रसोई में हो तो रसोई में खड़ा रहता है। सोफे पर बैठे तो सोफे पर उसके साथ बैठना चाहता है। अब बेचारा सोफा उसका वजन कहां तक संभाले।

देहरादून के अख्तर इमाम ने अपनी पांच करोड़ की सम्पत्ति हाथियों के नाम कर दी थी। उनका कहना था कि हाथियों की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। जंगल खत्म हो रहे हैं। वे शहरों की तरफ आते हैं और किसी न किसी कारण बुरी तरह से घायल हो जाते हैं या मारे जाते हैं। अख्तर अब इस दुनिया में नहीं हैं, मगर उनकी बात कितनी सही है। आज भी सैकड़ों की संख्या में हाथी बिजली के करंट लगने से मर जाते हैं। एलिफेंट विस्परर्स के शिशु हाथी रघु के माता-पिता भी इसी तरह मारे गए थे।

एक तेज़ आवाज़ सुनाई दे रही है-मम्मी... मम्मी। फिर दूर से आवाज़ आती है- आ रही हूं बेटा। खाना तो बना लूं। मम्मी-मम्मी पुकारने वाला कोई बच्चा नहीं लाल, पीले रंग का एक बड़ा तोता है। यह पीढ़े पर बैठकर आवाज़ लगा रहा है। एक अन्य वीडियो में एक लड़की अपनी मां से बात कर रही है। वह कह रही है कि आपके जाने से गुड्डू बहुत उदास है। उससे बातें कर लो। तब मोबाइल स्क्रीन से आवाज़ उभरती है- गुड्डू बेटा क्या हाल है। यह एक कुत्ता है। पहले तो वह गर्दन इधर-उधर हिलाकर आवाज़ की दिशा को पकड़ने का प्रयास करता है। फिर समझ में आते ही मुंह ऊपर उठाकर जोर-जोर से रोने लगता है। मनुष्य और पशु-पक्षियों की दोस्ती शायद उतनी ही पुरानी है, जितनी कि सृष्टि। अपने घोड़े, हाथियों, गायों, बकरियों, कुत्तों, तोतों, बंदरों, भालुओं आदि को लोग जब घर में पालते हैं तो वे घर के सदस्य हो जाते हैं। पेटा जैसी संस्थाएं इस बात की शिनाख्त कभी करती ही नहीं हैं। वे जानवर पालने को उन पर अत्याचार बताती हैं। जबकि बहुत-सी घटनाओं में यदि पालतू जानवर को उसके मालिक से अलग कर दिया जाए तो वह खाना-पीना तक छोड़ देते हैं। कई बार तो उनकी मृत्यु तक हो जाती है।

बहुत से लोग मांसाहारी जानवरों को पालने का शौक भी रखते हैं। इस संदर्भ में मशहूर लेखक रस्किन बान्ड की एक अखबार में छपी कथा याद आ रही है। उन्होंने लिखा था कि उनके दादा जी को एक शिशु बाघ जंगल में मिला था। वह उसे घर ले आए। वहीं पलने लगा। दादा जी से उसकी दोस्ती भी बहुत थी। जब थोड़ा बड़ा हुआ तो उनके साथ घूमने जाने लगा। धीरे-धीरे उसमें शिकार की प्रवृत्ति उभरने लगी। अब रास्ते में कोई भी जानवर दिखता तो वह उस पर हमला बोलने की कोशिश करता। जो लोग अपने कुत्तों को घुमाते थे, वे डरने लगे। इससे रस्किन बान्ड जी के दादा जी को चिंता हुई। अभी तो जानवरों पर हमला बोल रहा है, हो सकता है कल किसी आदमी पर ही बोल दे। इसलिए एक दिन वह उसे लखनऊ चिड़ियाघर में छोड़ आए, पर उसकी याद हमेशा आती। अगले साल उनका लखनऊ जाना हुआ तो वह बाघ के पिंजरे के पास पहुंचे। और हाथ डालकर उसकी गर्दन सहलाने लगे। वह उनका हाथ चाटने लगा। तभी बाघ की देखभाल करने वाला आ पहुंचा। वह बोला- साहब, यह आप वाला बाघ नहीं है। वह तो पिछले साल मलेरिया से मर गया। अब चौंकने की बारी दादा जी की थी। उन्होंने तत्काल हाथ बाहर निकाला। घबराहट भी हो ही रही होगी। ऐसे किस्से हमारे जनजीवन में बहुतायत से मिलते हैं, जिनमें किसी न किसी पशु-पक्षी से मनुष्य की दोस्ती का कथन होता है। चकित करने वाले किस्से होते हैं। लोक कथाओं, लोकगीतों में इनकी भरमार है। विदेश में एक आदमी एक बार नदी के किनारे टहल रहा था। वहां उसे एक घायल मगरमच्छ मिला। वह उसे घर ले आया। वहां उसने उसका इलाज किया। इतने दिनों तक वह इस आदमी के घर में ही रहा। जब वह पूरी तरह से स्वस्थ हो गया तो यह आदमी उसे नदी में ही छोड़ आया। लेकिन आश्चर्य कि अगले दिन जब इस आदमी ने अपने घर का दरवाजा खोला तो मगरमच्छ वरांडे में सो रहा था। छत्तीसगढ़ में एक महिला ने रामश्री नाम की मैना पाल रखी थी। महिला अपने खेतों पर काम करने जाती थी। जब उसके घर में कोई मेहमान आता तो मैना उड़कर महिला को सूचना देने जाती थी।

बहुत साल पहले ग्रेटर कैलाश भाग एक के बस स्टैंड पर एक ढाबा था। वहां के मालिक ने एक मैना और एक तोता पाले हुए थे। जब भी कोई ग्राहक आता तो तोता पूछता- रोटी-सोटी खाओगे। फिर मैना कहती लो जी। खा भी लो। वह बसों के हार्न की आवाज़ भी निकालती।

इस लेखिका के जीवन में जानवरों के बहुत से प्रसंग जुड़े हैं। गांव के जीवन में वैसे भी ऐसे प्रसंगों की भरमार होती है। बचपन में मां जब खेत पर काम करने जाती थी तो खेत की मेंड़ पर लिटा देती थी। तब घर का पालतू कुत्ता शेरा भी साथ जाता था। वह अपना पंजा ऊपर रखकर तब तक बैठा रहता था, जब तक कि मां वापस नहीं आ जाती थी। आखिर उसे कैसे पता था कि मां बच्ची को उसके हवाले कर गई है। और जब तक वह नहीं लौटती, बच्ची की रक्षा करना उसका फर्ज है। यह किस्सा मां बार-बार सुनाती थी। कई बार मालिक की रक्षा करने में जानवर अपनी जान तक गंवा देते हैं। ऐसे किस्से अक्सर छपते रहते हैं। कई बार लगता है कि इस धरती पर मनुष्य से इतर जितने भी प्रकार का जीवन है, उनका उतना ही अधिकार है। मगर मनुष्य ने सब कुछ अपने कब्जे में कर रखा है। यह मनुष्यवादी राजनीति का ही परिणाम है कि जानवरों की सुनने वाला कोई नहीं।

वे दोस्त बन जाएं तो आप पर अपार विश्वास करते हैं, मगर बहुत बार धोखा मिल सकता है।

## संपादकीय

### चीन-रूसी जुगलबंदी

चीनी सत्ता, पार्टी व पीएलए में एक और पारी हेतु अपनी जगह मजबूत करने के बाद शी जिनपिंग अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में बड़ी भूमिका निभाने के लिये उतावले हैं। कहीं न कहीं विश्व राजनीति के दूसरे ध्रुव रूस की यूक्रेन युद्ध के बाद घटती वैश्विक स्वीकार्यता से पैदा हुए शून्य को भरने की कोशिश शी जिनपिंग करते नजर आ रहे हैं। मध्यपूर्व में दो विपरीत ध्रुवों ईरान व सऊदी अरब में मेल-मिलाप कराने में मिली सफलता के बाद शी जिनपिंग अब खुद को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने की कवायद में जुटे हैं। शी की रूस यात्रा को इसी कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। वे यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिये पेश शांति योजना के जरिये दुनिया का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं इस यात्रा को रूस व चीन मित्रता की सीमाओं से परे बता रहे हैं। बहरहाल, रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न भू-राजनीतिक स्थितियों के बीच बीजिंग अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में बढ़त हासिल करने की आकांक्षा को दर्शा रहा है। वहीं रूस का सरकारी मीडिया भी अब संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों की दुहाई, सभी देशों की वैध सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करने और संकट के शांतिपूर्ण समाधान के अनुकूल प्रयासों का समर्थन करने पर बल दे रहा है। वहीं दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था चीन कोरोना संकट और वैश्विक मंदी के प्रभावों से उबरने की कोशिश के बीच वैश्विक औद्योगिक व आपूर्ति शृंखला की स्थिरता सुनिश्चित करने की जरूरत भी बता रहा है। निस्संदेह, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने मित्र देश चीन के मुखिया के रूस आगमन से उत्साहित हैं। वह भी ऐसे समय में जब अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कथित युद्ध अपराधों के लिये उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। जिसके बाद पुतिन बचाव की मुद्रा में नजर आ रहे हैं। हालांकि, मास्को व बीजिंग ने अदालत के फैसले की निंदा की है। वास्तव में चीन मजबूती के साथ रूस के समर्थन में डटा है। दरअसल, चीन रूस से मित्रता निभाते हुए अपनी छवि को एक शांति स्थापक के रूप में बनाने की कोशिश में है। विडंबना देखिये कि तमाम पड़ोसियों के खिलाफ गाहे-बगाहे हमलावर रहने और छोटे देशों को धमकाने के प्रयासों में लगे रहने वाला चीन आज शांति की दुहाई दे रहा है। दरअसल, चतुर रणनीतिकार शी यूरोप में प्रभाव बढ़ाने के साथ यूक्रेन युद्ध में खुद को प्रभावी पक्ष के रूप में दर्शाना चाहते हैं। वहीं यह यूरोपीय कूटनीति में अमेरिका की स्थिति कमजोर करने का भी प्रयास है। यानी चीन एक तीर से कई निशाने लगाने की फिराक में है।

### प्रदूषण का दाग

यह खबर परेशान करती है कि भारत दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों की सूची में आठवें स्थान पर है। यह स्थिति हमें दुनिया के तमाम पिछड़े व गरीब मुल्कों के करीब खड़ा करती है। साथ ही बताती है कि गाल बजाते नीति-नियंता जमीनी हकीकत के मामले में विफल साबित हुए हैं। मंगलवार को पूरी दुनिया में हवा की गुणवत्ता की जांच करने वाली स्विस एजेंसी आई.क्यू एअर ने वायु प्रदूषण की वैश्विक स्थिति पर रिपोर्ट जारी की। कुल 131 देशों की वायु गुणवत्ता की स्थिति के मूल्यांकन का आंकड़ा करीब तीस हजार ग्राउंड बेस मॉनिटरों के जरिये जुटाया गया। चिंताजनक स्थिति यह है कि दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित बीस शहरों में 19 एशिया के हैं। हमारे लिये बड़ी फिक्र की बात यह कि इन शहरों में 14 भारत के हैं। उल्लेखनीय है कि भारत पिछले साल दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में पांचवें स्थान पर था। सुधार की एक वजह यह है कि प्रदूषण नापने की इकाई यानी पी.एम् 2.5 में भी गिरावट आई है। इसके बावजूद भारत की वायु गुणवत्ता विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सेहत की सुरक्षा के मद्देनजर निर्धारित मानकों की तुलना में बहुत ज्यादा खराब है। इस बार दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी नहीं है। इसकी वजह है नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली का मूल्यांकन अलग-अलग ढंग से किया गया। यदि तकनीकी तौर पर दिल्ली को दो भागों में न बांटा गया होता तो शायद यह दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी होती। दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली चौथे नंबर पर और नई दिल्ली 9वें स्थान पर है। दरअसल, हम अनियोजित विकास की त्रासदियों का दंश झेल रहे हैं। इसमें जहां हमारे नेतृत्व की उदासीनता शामिल हैं, वहीं उद्योग व कारोबारियों का पर्यावरण के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार भी। निस्संदेह, लोगों की उदासीनता तथा उत्तरदायित्व का अभाव भी समस्या का एक घटक है। वैसे हालिया सर्वे का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि दिल्ली के मुकाबले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण कुछ सुधरा है। खासकर हरियाणा के औद्योगिक शहरों गुरुग्राम, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश के शहरों नोएडा,गाजियाबाद आदि में वायु गुणवत्ता में सीमित सुधार देखा गया है। ताज नगरी आगरा की स्थिति में भी सुधार हुआ। इसके बावजूद वैश्विक मानकों के अनुरूप स्थिति अच्छी नहीं है। कई रिपोर्टें लोगों की जीवन प्रत्याशा प्रदूषण से कम होने की बात कहती हैं।

# शहादतों से हासिल आज़ादी की कीमत समझें







सदियों पहले हमारी स्वतंत्रता छीन चुके गोरों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष की मार्फत उसे हासिल करने के लिये प्राणपण से समर्पित तीन क्रांतिकारी नायकों–शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को 1931 में आज ही के दिन हमसे छीन लिया गया था। अंग्रेजों ने लाहौर सेंट्रल जेल में फांसी के लिए तय तारीख और वक्त से पहले ही उन्हें फांसी देकर उनके साथ अपने बनाये कई नियम-कायदों को भी शहीद कर दिया था।

इन नायकों द्वारा खुशी-खुशी अपने प्राण देकर अदा की गई स्वतंत्रता की यह कीमत कितनी जरूरी और बड़ी थी, इसे ठीक से समझने के सारे रास्ते उनकी शहादतों से बारह साल पहले 1919 में 13 अप्रैल को ऐन बैसाखी के दिन पंजाब के अमृतसर शहर में स्वर्ण मन्दिर के पास स्थित जलियांवाला बाग में हुए कांड की ओर जाते हैं। गोरे जनरल डायर ने उस दिन कुख्यात रॉलेट एक्ट के विरुद्ध उक्त बाग में एकत्रित पूरी तरह शांत व संयत भीड़ पर बर्बर पुलिस फायरिंग कराकर हज़ारों निर्दोषों को हताहत किया था।

इस नृशंसता ने देश के नवयुवकों को न सिर्फ गुस्से से भर दिया, बल्कि किसी भी कीमत पर स्वतंत्रता हासिल करने के लिए बेसब्र कर दिया था। इसके अगले ही बरस महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन शुरू किया तो वे बड़ी उम्मीदों के साथ उसमें सक्रिय हुए थे। कई जगह तो उन्होंने आगे बढ़कर समूचे आन्दोलन को अपने हाथ में ले लिया था। लेकिन चार फरवरी, 1922 को हुए चौरी-चौरा कांड (जिसमें 23 पुलिसकर्मी गुस्साई भीड़ द्वारा थाने में लगाई गई आग से जलकर मर गये थे) के बाद महात्मा ने अचानक आंदोलन वापस ले लिया तो ज्यादातर युवकों का अहिंसक स्वतंत्रता संघर्षों से मोहभंग हो गया। फिर तो वे चंद्रशेखर आज़ाद की हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी से जुड़कर सशस्त्र संघर्षों के जरिये स्वतंत्रता के सपने देखने लगे।

इन संघर्षों के लिए धन जुटाने हेतु नौ अगस्त, 1925 को उन्होंने पं. रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में लखनऊ में काकोरी के पास पैसेंजर ट्रेन रोककर उसमें ले जाया जा रहा सरकारी खजाना लूट लिया तो गोरी सरकार उन्हें सबक सिखाने को आतुर हो उठी। जांच व मुकदमे के बेहिसाब नाटक के बाद उसने राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी को 17 दिसम्बर, 1927 को, तो रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्लाह खां व रौशन सिंह को 19 दिसंबर, 1927 को क्रमशः गोंडा, गोरखपुर, फैजाबाद और इलाहाबाद की मलाका जेल में फांसी देकर शहीद कर दिया, कई साथियों को लम्बी-लम्बी सजाएं दीं, तो अधीर युवकों का बचा-खुचा धैर्य भी जाता रहा।

30 अक्तूबर, 1928 को लाहौर में साइमन कमीशन के विरुद्ध उग्र प्रदर्शन पर हुए भीषण लाठीचार्ज में आई गंभीर चोटों के चलते 17 नवम्बर, 1928 को कांग्रेस के गर्मदल के नेता पंजाब केसरी लाला लाजपतराय का निधन हो गया, तो युवकों के अधैर्य की आग में और घी पड़ गया। वे पंजाब केसरी के इस कथन को प्रमाणित करने के लिए प्राणों की बाजी लगाने पर उतर आये कि 'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी।' हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी ने फौरन पंजाब केसरी की मौत का बदला लेने की ठान ली। लेकिन 17 दिसम्बर, 1928 को उन पर प्राणघातक लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार पुलिस सुपरिंटेंडेंट जेम्स ए स्कॉट की हत्या की योजना पर अमल के दौरान भगत सिंह व राजगुरु ने गफलत में उसके सहायक जॉन पी सांडर्स को भून डाला। दरअसल, हुआ यह कि लाला जी के निधन के ठीक एक महीने बाद वे स्कॉट को मारने के इरादे से लाहौर स्थित पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर पहुंचे तो स्कॉट की जगह सांडर्स बाहर निकल आया। गलत पहचान के कारण भगत सिंह व राजगुरु ने उसे ही स्कॉट समझकर मार गिराया। उस पर पहली गोली राजगुरु ने चलाई, दूसरी भगत सिंह ने और उसके घायल होकर गिर जाने के बाद भी वे उस पर गोलियां चलाते रहे। इस बीच सिपाही चानन सिंह भगत सिंह को पकड़ने बढ़ा तो हालात पर नजर रख रहे चन्द्रशेखर आजाद ने उसे भी मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आज़ाद साधुवेश धारण करके मथुरा चले गये, जबकि भगत सिंह कलकत्ता। पुलिस को चकमा देने के लिए भगत सिंह ने रौबीले अफसर के रूप में 'पत्नी, बेटे व अर्दली के साथ' ट्रेन के फर्स्ट क्लास में यात्रा की। क्रांतिकारी भगवतीचरण वोहरा की पत्नी श्रीमती दुर्गा वोहरा (जिन्हें क्रांतिकारी दुर्गा भाभी कहा करते थे) उनकी पत्नी बनकर साथ गईं, जबकि राजगुरु अर्दली बनकर। दुर्गा भाभी का तीन साल का बेटा उनका बेटा बना। लेकिन 'बहरों को सुनाने के लिए जोरदार धमाके की जरूरत' महसूस करते हुए भगत सिंह ने आठ अप्रैल, 1929 को बटुकेश्वर दत्त के साथ सेंट्रल असेंबली में बम फेंके और भाग जाने के बजाय खुद को गिरफ्तार कराने का विकल्प चुन लिया तो पुलिस ने बिना देर किये उनको लाहौर की मियांवाली जेल में शिफ्ट कर दिया, ताकि वे सांडर्स हत्याकांड में मुकदमे का सामना कर सकें। 30 सितम्बर, 1929 को नागपुर से पुणे जाते समय राजगुरु भी पुलिस के हत्थे चढ़ गये। जेल में अधिकारियों ने भगत सिंह की उन्हें व अन्य क्रांतिकारी कैदियों को 'राजनीतिक बंदी' मानने और पुस्तकें व समाचारपत्र उपलब्ध कराने की मांग ठुकरा दी तो उन्होंने जेल में बन्द अपने साथियों के साथ 15 जून से 5 अक्तूबर, 1929 तक 112 दिन लंबी भूख हड़ताल कर अपना गांधीवादी रूप भी दिखाया।पुलिस ने जहां भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव समेत 14 लोगों को सांडर्स की हत्या का मुख्य अभियुक्त बनाया, वहीं भगत सिंह ने मुकदमे की प्रायः सारी सुनवाई में अदालत को क्रांतिकारी विचारों के प्रचार के मंच की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने निर्भय होकर मान लिया कि उन्होंने व उनके क्रांतिकारी साथियों ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है जो उनके बाद भी जारी रहेगा।

# अपनों की ठोकर व ताश के जोकर के बीच




आज किसी वाहन के पीछे एक जायकेदार वाक्य पढ़ने को मिला–ताश का जोकर और अपनों की ठोकर जिंदगी की बाजी घुमा देते हैं। बात में दम है। यह भी कहा जाता है कि खेल ताश का हो या ज़िंदगी का अपना इक्का तब ही दिखाना जब सामने बादशाह हो। ताश के खेल-सी है ज़िंदगी, पत्ते आते ही चाल बदल जाती है।

महम से रोहतक जाओ तो सड़क के दोनों तरफ ताश के खिलाड़ियों के हुजूम के हुजूम मिलते हैं। इनके कानों में कई-कई शंख बजाओ तो ही इन्हें सुनता है। जब लोग कहते हैं सावन का महीना आया तो ये ताश के चस्कू कहते हैं- बावन का महीना आया। वैसे इनके लिये फागुन हो या सावन ज़्यादा फर्क नहीं पड़ता, इन्होंने तो पत्ते फेंटने ही फेंटने। मैंने एक टोली से पूछ लिया कि अगर सड़क किनारे बैठ तुम्हारी बहू-बेटियां भी ताश की बाजी लगायें तो एक का जवाब था- मैडम एकाधा खेल तो म्हारे खात्तर भी छोड़ द?यो।

सोचती हूं कि दो-चार टूर्नामेंट तो ताश के भी होने चाहिए। बूढ़े तो बूढ़े नौजवान भी ताश पर फिदा हैं। पता नहीं ताश में क्या नशा है। जिन घरों पर ताश की गाज गिरी है, वहां की औरतें कहती हैं- ताश करे नाश। ताश के खेल के रोलेरप्पे देख कर कई बार तो यह लगता है कि किसी के प्लाट पर धींगामस्ती हो रही है।

ताश के पत्तों में एक ऐसा भी बादशाह है जिसकी मूंछ नहीं होती। पान के बादशाह को गौर से देखना, उसकी मूंछ नहीं हैं। प्रारंभ में इस राजा की भी मूंछ हुआ करती लेकिन जब कार्ड को दोबारा डिजाइन किया गया तो कलाकार उसकी मूंछ बनाना भूल गया। तभी से पान का राजा बिना मूंछ का है। हुकुम का बादशाह इस्राइल का बादशाह डेविड है। चिड़ी के बादशाह पर सिकंदर महान की तस्वीर है। पान के बादशाह पर फांस का राजा शारलेमेन है। ईंट के बादशाह पर रोमन राजा सीजर आगस्टस है।

कमाल की बात कि ताश मर्दों का प्रिय खेल है। औरतें इस मैदान में कम ही मिलेंगी। मर्दों को ताश खेलना इसलिये भी अच्छा लगता है कि बेगम को जोर से पटक सकते हैं। कुछ इतने भयंकर कुंवारे होते हैं कि ताश खेलते हुए भी उनके पास कभी बेगम नहीं आती।

एक बर की बात है अक मेजर सुरजासिंह बहोत घणी दारू पीया करता तो एक दिन उसकी लुगाई कहण लाग्गी- दारू ना पीया कर। मेजर नैं बूज्झी- दारू ना पीयूं तो के पीयूं? मेजरनी बोल्ली- दूध पीया कर दूध। मेजर बोल्या- तन्नैं बेरा है अक दूध पीते-पीते एक आदमी मर ग्या। मेजरनी हैरानी तै बोल्ली- न्यूं कुक्कर? मेजर नैं बताई अक म्हैंस भेंटगी उसके उप्पर।

# प्रत्येक बूथ केंद्रों को मजबूती देते हुए कार्यकर्ता एकजुट एक लक्ष्य एक मुख्य के साथ जुटे : अजय जमवाल

## 51त्न वोट बढ़ाने के संकल्प को लेकर बूथ को मजबूत करें कार्यकर्ता : देवेंद्र सिंह नरवरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल ने भिंड में भाजपा



कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए संगठनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी को वर्तमान कार्यकर्ताओं के साथ पुराने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना है। संगठनात्मक कार्यो के लिए हमारे पास अब सीमित समय है। इस वर्ष विधानसभा के चुनाव है। सभी कार्यकर्ता अब चुनावी मोड में काम करें तथा जमीनी स्तर तक पहुंचकर सरकार की योजनाएं और संगठन कार्यो को केन्द्रित कर उनके क्रियान्वयन में लग जाएं। यह बात मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल ने होटल इंपिरियल किंग मैं आयोजित भाजपा पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। क्षेत्रीय संगठन मंत्री जमवाल ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को नगर केंद्रों के प्रत्येक बूथ केंद्र पर 10 दिन तक 22 संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर संगठन के कार में लगना है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस एवं 26 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर संपन्न कराने के लिए कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर कार्य करें काकी सत्ता और संगठन की विचारधारा केंद्र और राज्य सरकार की योजना के साथ हमारे संगठन की कार्य योजना अंतिम छोर व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि बूथ क्रियाशील होकर संगठन कार्यो को तन्मयता से करें । उन्होंने कहा कि प्रत्येक शक्ति के प्रत्येक बूथ की समितियां सक्रिय होकर कार्य करें। बूथों के त्रिदेव अर्थात बूथ अध्यक्ष, महामंत्री और बीएलए 2 अपने बूथ पर क्रियाशील होकर संगठन कार्यो को तन्मयता से करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी वर्ग अछूता नहीं है। हमें आवश्यकता है तो सिर्फ हितग्राहियों को इस बात से अवगत कराने की कि यह योजनाएं भारतीय जनता पार्टी सरकार ने उनके लिए शुरू की है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता योजनाओं के हितग्राहियों से सतत संपर्क करें और उन्हें पार्टी से जोड़ें। उन्होंनें बूथ के करणी कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बूथ समिति और शक्ति केन्द्रों की बैठक आयोजित कर पार्टी के कार्यो को नीचे तक ले जाएं।

51 प्रतिशत वोट हमारा लक्ष्य को लेकर हम सब कार्यकर्ताओं को एकजुट एक लक्ष्य एक मुख के साथ लगना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली गरीब कल्याणकारी योजनाओं को उनके घर तक पहुंचाने का कार्य भी हम सब को करना है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सम्पन्न होने वाले चुनावों की दृष्टि से प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट प्राप्त पार्टी का लक्ष्य है। हम किस तरह बूथ पर इस लक्ष्य को प्राप्त करें, इस दिशा मैं कार्ययोजना बनाएं और उसे पूरा करें। उन्होंने कहा कि 51 प्रतिशत से ज्यादा वोट हमें बूथ पर मिलेंगे तो हम कोई भी चुनाव आसानी से जीतेंगे।सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला एवं मंडल पदाधिकारियों को भी इस अभियान में लगना है। मध्यप्रदेश जैसे कार्यक्रमों के उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने नारा दिया है 100 दिन में 200 पार इस लक्ष्य को हमें पूर्ण करना है और तभी हम 200 पार कर पाएंगे जब हमारा कार्यकर्ता अपने बूथ पर एक मुख एक लक्ष्य एकजुट के साथ जुड़े । उन्होंने पार्टी के सभी पदाधिकारियों को कहा कि संगठन सर्वव्यापी और सर्व स्पर्शी बने इसके लिए हम अपने जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वाह करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है भाजपा के देश में सबसे अधिक जनप्रतिनिधि है आज पार्टी पूरे देश में मजबूती के साथ खड़ी है जो राज्य छूट गए हैं उनमें अबे जल्दी ही भाजपा की सरकार बनेगी आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमारी प्राथमिकता इकाई मजबूत बने ।उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बूथ विस्तारक अभियान मैं प्रत्येक बूथ पर सरकार की योजनाओं को सफलता के साथ पहुंचाना है हमारा भूत मजबूत होगा उन्होंने कहा कि बूथ हमारी निरंतर चलने वाली का ही है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही जन हितेषी योजनाओं को लाकर घर-घर दस्तक देकर बताएं भाजपा सरकार ही सबका विश्वास सबका साथ सबका विकास । प्रत्येक कार्यकर्ताओं को हितग्राही और समाज के बीच पहुंचकर पार्टी की विचारधारा केंद्र और राज्य सरकार की जन हितैषी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाना ही उनके दायित्व की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से संकल्प भी दिलाया कि हम संगठनों सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए घर घर जाकर कार्य करेंगे सभी ने दोनों हाथ उठाकर संकल्प लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने स्वागत भाषण मे बूथ विस्तारक अभियान एवं जिले की 5 विधानसभा 26 मंडल दो से 2 शक्ति केंद्र 1481 बूथ केंद्रों



पर संगठन द्वारा चलाए जा रहे संघ कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और कहा कि जिले के सभी कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए अपने बूथ को मजबूत करने के लिए जुटे हुए हैं और निश्चित ही आगामी मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जिले की पांचों विधानसभाओं में कमल का फूल खिल कर मध्य प्रदेश में सरकार बनाने के लिए भिंड से विधायक बनकर पहुंचेंगे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल एवं मंचासीन अतिथियों ने भारत माता भारतीय जनसंघ के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं मानव पढ़कर बैठक का शुभारंभ किया इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री चंबल संभाग प्रभारी हरिशंकर खटीक, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ,प्रदेश मंत्री केशव सिंह भदौरिया, क्षेत्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर झा, जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया, मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया मंचासीन रहे बैठक का संचालन जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह भदौरिया एवं आभार व्यक्त जिला महामंत्री धीर सिंह भदौरिया ने किया। बैठक से पूर्व सभी अपेक्षित पार्टी के जिला एवं मंडल प्रदेश एम अपेक्षित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। जिलाध्यक्ष नरवरिया ने क्षेत्रीय संगठन मंत्री का साल और श्रीफल के साथ उनका सम्मान किया जिले के समस्त पदाधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



## खुली माताजी की बाड़ी, ज्वारों का हुआ घर आगमन

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो सीफ**

कुक्षी। गणगौरी तीज को बिखरी पर्व की छटा 24 मार्च चैत्र शुक्ल सुदी तीज को माता की बाड़ी में जवारों का दर्शन-पूजन करने अलसुबह प्रातः 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता बाड़ी के खुलते ही दर्शन कर पूजन अर्चन किया ओर माता से सुख ,शांति ओर समृद्धि की कामना की। शहर कुक्षी में सिर्वी समाज के लगभग 400 परिवार निवास करते हैं।गणगौर पर्व पर पूरे समाज द्वारा 3 दिन माताजी की पूजा अर्चना की जाती है। कुक्षी तहसील के कापसी, बड ग्यार, सुसारी, दोगवा, कोंनदा,आली, अमलाल, बड़दा, देश वालया,बाकी आदि गावो में भी गणगौर महापर्व मनाया जाता है। माताजी के रथों का चल समारोह प्रातः 10 बजे माताजी के ज्वारों को लेने प्रमुख मार्गो से होता हुआ नगर की मुख्य बाडी (धान मंडी) मंगलवारियॉ में पंडित श्री कमल जी रावत के यहाँ पहुँचा और ज्वारों को रथ में तथा बॉस की नविन टोंकरियों में रख कर पूजा,आरती करके माता के ज्वारो व रथो को सिर पर रखकर बड़ी श्रद्धाभाव से अपने अपने घर ले जाया गया,जहाँ घरों पर प्रसादी भोग लगाकर माता का पूजन किया व प्रसादी वितरण की।

## भाजपा के नवीन जिला कार्यालय का उद्घाटन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 मार्च को भिंड जिले की एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे जहां पीडब्लू डी कॉलोनी में नमीर भाजपा कार्यालय का पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया।

## कैलारस-वरिष्ट पत्रकार ओमप्रकाश पाण्डे का असमयिक निधन

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**



कैलारस- जिले के वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश पांडे का गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे असामयिक निधन हो गया बह 58 वर्ष के थे वह बीमारी से जूझ रहे थे उनका अंतिम संस्कार दोपहर 1 बजे कैलारस मुक्ति धाम में किया गया जहा मुखग्नि उनके ज्येष्ट पुत्र बंटी ऊर्फ हितेंद्र पाण्डे ने दी उनकी अंतिम यात्रा में माकपा के नेता अशोक तिवारी भाजपा नेता वनवारी लाल शुक्ला सहित पत्रकारगण एव गणमान्य नागरिक सामिल हुए बही ओमप्रकाश पांडे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन पुत्र हितेंद्र, भूपेंद्र,पुष्पेन्द्र, पाण्डे हैं।

## सोलंकी परिवार ने गौसेवार्थ के लिए टैक्टर भेंट किया

**पुष्पाजंली टुडे/ नारायणलाल सेंणचा**



सोजत। गांव मंडला बाबु लाल ,सोहन लाल ,तेजा राम भावेश सुपुत्र स्व. मंगला राम सुपुत्र स्व.घीसा राम सोलंकी बेरा पिपलिया हाल चैन्नई के परिवार ने श्री कालका माता गौशाला मंडला के लिए गौ सेवार्थ डीआई ट्रैक्टर ट्रॉली सहित भेंट किया गया । ये टैक्टर दिनांक 22.3.23 को खरीदा था ,जिसे आज 23.3.23 को सुबह 10 बजे श्री कालका माता गौ शाला समिति को गौ शाला स्थल सांड मगरी ,मंडला बोयल मोड़ पर विधिवत रूप से भेंट किया जाएगा।इस अवसर पर गांव के लोग एवं गौशाला की कार्यकारणी एवं सरपंच उपस्थित रहे ओर सोलकी परिवार को बहुत बहुत धन्यावाद दिया ।

## भिंड ग्वालियर स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल के बच्चों को फायर पुलिस ने दी आग बुझाने की जानकारी





**मालनपुर संवाददाता**
**पुष्पांजली टूडे, पहलवान सिंह**

मालनपुर भिंड ग्वालियर रोड स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल पर आज फायर ब्रिगेड के प्रभारी सतीश चतुर्वेदी द्वारा स्कूल में पढ़ने आए बच्चों को आग के बारे में जानकारी दी कि अगर कहीं आग लग जाती है तो कैसे बुझायेंगे और स्कूल एवं कई ऐसे स्थानों पर दो दरवाजे होना चाहिए जिससे कि आपातकालीन स्थिति में वहां से निकला जा सके एवं आग बुझाने वाले उपकरणों कि बच्चों को विधिवत प्रशिक्षण कर बताया आग लगने की स्थिति में घबराए नहीं 101 डायल करें इससे फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ सके एवं



डायल हंड्रेड डायल करें जिससे संबंधित थाना पुलिस आ सके और अगर गैस सिलेंडर में आग लग जाए तो रेत या फिर आग बुझाने वाले सिलेंडर की पिन को खोलकर उसका बटन दबाएं और आगे की नोजल को दो-तीन हीलाएं जिससे उस से निकलने वाले केमिकल से आग बुझाई जा सकती है स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार बंटू के द्वारा समस्त फायर स्टेशन कर्मचारियों का सम्मान किया गया सम्मान मिलते ही फायर स्टेशन प्रभारी सतीश चतुर्वेदी ने बताया कि हम हर जगह उपकरणों की जानकारी देने कई स्कूलों में जाते हैं लेकिन ऐसा सम्मान हमें आज तक किसी ने नहीं दिया हम स्कूल संचालक की बहुत आभारी हैं। मौके पर उपस्थित रहे केपी अर्जरिया, अशोक सिंह तोमर, एवं समस्त स्कूल कर्मचारी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## राहुल गांधी की सदस्यता खत्म कर लोकतंत्र का गला घोंट रही है मोदी सरकार : डॉ गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भोपाल । विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेता व कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतंत्र की समाप्ति की इबारत लिख दी है। डॉ सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी की सदस्यता खत्म कर प्रजातंत्र का गला घोंटने का काम किया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा अपनी नाकामियों को छुपाने और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का देश की जनता की बीच बड़ते हुए जनाधार से घबड़ाकर ऐसे अव्यवहारिक काम करके कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की छवि को खराब करने का असफल प्रयास कर रही है,डॉ सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व भाजपा के नेतागण सब मिलकर हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की जितनी छवि खराब करने के लिए प्रयास करते रहते हैं, उससे कही अधिक कांग्रेस नेता राहुल गांधी की देश की जनता के बीच अच्छी छवि उभर कर आती है, जिससे आमजनता के बीच हमारे राष्ट्रीय नेता कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की देश में मजबूत पकड़ बनती जा रही है।




## लायंस क्लब एटा द्वारा 35 क्षय रोगियों को लिया गया गोद

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

लायंस क्लब द्वारा शहर के निधौली रोड स्तिथ महारानी पैलेस में आज 35 क्षय रोगियों को गोद लिया गया, व पोष्टिक सामग्री वितरित की गई जिसमें सत्तू, दाल, मुगफली के दाने, दलिया, चना, गुड, ग्लूकोज बिस्कुट, फ्रूट जूस आदि वितरित किया गया । इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एटा डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी द्वारा क्षय रोग का इलाज पूरी तरह संभव है वस रोगी को अपनी दावा और आहार का पूरी तरह ध्यान रखना है, वहीं जिला क्षय रोग अधिकारी राजेश शर्मा ने सरकार द्वारा क्षय रोग से संबंधित चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी वहीं लायंस क्लब की प्रशंशा करी । लायंस क्लब जोन चेयरपर्सन अनुज चौहान ने बताया कि क्लब हमेशा ही जरूरत मंद लोगों की मदद के लिए तत्पर रहता है , वहीं आज गोद लिए गए सभी बच्चों को हर माह पोषण आहार उनके द्वारा उपलब्ध किया जाएगा वहीं अगर क्षय रोग से संबंधित कभी कोई परेशानी रोगियों को आती है तो क्लब हमेशा के सभी सदस्य हमेशा साथ खड़ा है , क्लब द्वारा कुछ माह पूर्व भी 25 रोगियों को गोद लिया गया था जो अभी ठीक हो चुके हैं । अनुज चौहान ने कहा कि प्रधान मंत्री जी ने 2025 में देश को क्षय रोग मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है और इसी मुहिम पर लायंस क्लब द्वारा आज ये कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर क्लब अध्यक्ष स्वागत पचौरी, सचिव आदर्श मिश्रा, डॉ अमन चौहान, देव सोलंकी, संजीव जादौन, देवेश पाल सिंह, हिमांशु वर्मा वूमेन क्लब से डॉ रूपा जैन, बबिता कुलश्रेष्ठ, अंजली गहलौत, प्रतिभा यादव, सीमा वार्ष्णेय, गुंजन मिश्रा, प्रीति अमोरिया, पूनम दीक्षित आदि सदस्य मौजूद रहे, वहीं क्षय रोग विभाग से अरविंद चौहान, आशीष रहे।







लुंगी डांस पर झूमे कोहली, ग्राउंड में घुसा डॉगी

# सूर्यकुमार का लगातार तीसरा गोल्डन डक; भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे के टॉप मोमेंट्स

**चेन्नई।** चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम इंडिया फील्डिंग करने मैदान में उतरी। तभी स्टेडियम में %चेन्नई एक्सप्रेस% फिल्म का %लुंगी डांस% गाना बजने लगा। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली गानों की बीट पर डांस करते नजर आए। डांस करने के बाद कोहली ने टीम हर्डल जॉइन किया। कोहली के पास मैच की पहली पारी में कोई कैच नहीं आया। दूसरी पारी में उन्होंने 72 बॉल पर 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। हालांकि, वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। पहली पारी में भारत के कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। डेविड वॉर्नर और मार्नस लाबुशेन को कैच आउट कराने के बाद कुलदीप यादव पारी का 39वां ओवर लेकर आए। पहली ही बॉल विकेटकीपर एलेक्स कैरी को उन्होंने मिडिल स्टंप पर गुड लेंथ फेंकी। कैरी को लगा बॉल सीधी रहेगी, वह आगे खड़े रहकर डिफेंस करने गए, लेकिन बॉल ऑफ स्टंप की ओर घूमी और गिल्लियों से जा लगी। एलेक्स कैरी दंग रह गए कि बॉल इतनी तेज घूम कैसे गई। कुलदीप को तीसरी सफलता मिली और कैरी को 46 बॉल में 38 रन बनाकर




पवेलियन लौटना पड़ा। कुलदीप ने 10 ओवर में 56 रन देकर 3 विकेट के साथ अपना स्पेल खत्म किया। पहली पारी में 43वें ओवर के दौरान भारत के कुलदीप यादव अपने स्पेल का 10वां ओवर फेंक रहे थे। तीसरी बॉल के बाद ग्राउंड में एक डॉगी घुस आया, जिसके बाद चेपॉक स्टेडियम की जनता जोर-जोर से हूटिंग करने लगी। डॉग 3 से 4 मिनट तक ग्राउंड में ही रहा। स्टाफकर्मी उसके पीछे दौड़े, लेकिन डॉग बहुत देर तक ग्राउंड में दौड़ने के बाद बाहर निकला। करीब 5 मिनट के बाद खेल फिर शुरू हुआ। इस वाकये के दौरान ऑस्ट्रेलिया टीम के एश्टन एगर और शॉन एबट बैटिंग कर रहे थे। टीम का स्कोर 7 विकेट के नुकसान पर 227 रन था। दोनों ने 41 बॉल पर 42 रन की अहम साझेदारी की। एबट 26 और एगर 17 रन बनाकर आउट हुए। भारत के सूर्यकुमार यादव सीरीज के शुरुआती 2 वनडे में पहली बॉल पर शून्य के स्कोर पर ख्ड्ड होने के बाद तीसरे वनडे में नंबर-4 पर बैटिंग करने नहीं उतरे। वह नंबर-7 पर हार्दिक पंड्या के बाद बैटिंग करने आए, लेकिन इस बार ख्ड्ड होने के बजाय वह पहली गेंद पर बोल्ड हो गए। इस तरह उन्होंने वनडे में लगातार तीसरी बार गोल्डन डक बनाने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। सूर्यकुमार एक ही सीरीज में ऐसा करने वाले दुनिया के पहले ही बैटर बने। वहीं वनडे में लगातार 3 गोल्डन डक बनाने वाले वह दुनिया के 13वें बैटर बने। सूर्यकुमार से पहले भारत के सचिन तेंदुलकर, अनिल कुंबले, जहीर खान, ईशांत शर्मा और जसप्रीत बुमराह भी लगातार 3 वनडे में शून्य पर पवेलियन लौटे हैं। लेकिन ये सभी लगातार पहली बॉल पर आउट नहीं हुए थे। सूर्यकुमार जब आउट हुए तब भारत का स्कोर 6 विकेट के नुकसान पर 185 रन था। इस सीरीज हार के साथ भारतीय टीम घरेलू जमीन पर किसी भी फॉर्मेट में 26 सीरीज बाद हारा है।

आई एस एस एफ वर्ल्डकप शूटिंग चैम्पियनशिप का दूसरा दिन

# राइफल और पिस्टल मिक्स में भारत को सिल्वर और ब्रॉन्ज; चीन को दो गोल्ड

**भोपाल।** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (ढ्डस्स्र) वर्ल्ड कप शूटिंग चैम्पियनशिप का आज दूसरा दिन है। विभिन्न देशों के 38 खिलाड़ियों समेत भारत के 4 खिलाड़ी गोल्ड के लिए निशाना साध रहे हैं। चैम्पियनशिप की शुरुआत सुबह 9.30 बजे हुई। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स के लिए चीन की दो टीम ने ब्रॉन्ज और गोल्ड के लिए क्वालिफाई किया। भारत ने ब्रॉन्ज के लिए क्वालिफाई किया। ब्रॉन्ज कैटेगरी में भारत की नर्मदा नितिन राजू और आर पाटिल ने चीन के यू होनान और जहांग क्यू को हराया। गोल्ड के लिए मुकाबला चीन और हंगरी के बीच हुआ। चीन के हंग युटिन, सेंध लीहो ने हंगरी के डेनिश अस्तर और इस्वान पेनी को हराया। 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स में गोल्ड के लिए



भारत और चीन के बीच मुकाबला हुआ। भारत की ओर से सांगवान रिथम और वरुण तोमर, जबकि चीन की ओर से क्विन वी और लुई जिन्यो ने निशाने साधे। चीन ने गोल्ड जीता। भारत के हिस्से में सिल्वर मेडल आया। बुधवार को पहले दिन भारत के सरबजोत सिंह ने 1 गोल्ड, वरुण तोमर ने ब्रॉन्ज जीता था। वुमन कैटेगरी में चीन की ली जुई ने गोल्ड और जर्मनी की डोरेन वेनेकैंप ने सिल्वर मेडल जीता। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स और 10 मीटर एयर पिस्टल राउंड में गुरुवार को भारत, कोरिया, कजाकिस्तान, बांग्लादेश, जापान, हंगरी, स्विटजरलैंड, यूएसए, डेनमार्क, चेकिया, इजराइल, उज्बेकिस्तान आदि जैसे देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। 30 देशों के 300 से ज्यादा खिलाड़ी हैं।

मैं पी एल में टॉस के बाद चुन सकेंगे प्लेइंग-11

# विकेटकीपर या फील्डर के गलत मूवमेंट पर पेनल्टी, बैटिंग टीम को मिलेंगे 5 रन

इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) का नया सीजन 31 मार्च से शुरू हो रहा है। 10 टीमों के सीजन में इस बार कुछ नए रूल भी जुड़ रहे हैं। टीमें अब टॉस में बैटिंग या बॉलिंग का फैसला करने के बाद प्लेइंग-11 चुन सकेंगी। टॉस के बाद ही टीमों को 4 इम्पैक्ट प्लेयर भी बताने होंगे। ढ्ढक्क मैच में दोनों टीमों के कप्तान अब टॉस के दौरान 2 टीमें लेकर आ सकेंगे। टॉस के बाद जब उन्हें पता लगेगा कि पहले बैटिंग या बॉलिंग आई है, तब वे उसी हिसाब से प्लेइंग-11 सिलेक्ट कर सकेंगे। इससे पहले 15 सीजन तक टीमें टॉस के दौरान एक ही प्लेइंग-11 लेकर आती थीं। टॉस होने के बाद भी उन्हें उसी टीम के साथ खेलना पड़ता था, लेकिन अब



ऐसा नहीं होगा। ढ्ढक्क में इस सीजन से नए इम्पैक्ट प्लेयर का रूल भी जोड़ा जा रहा है। दोनों टीमों को टॉस होने के बाद ही 4-4 इम्पैक्ट प्लेयर भी बताने होंगे। इन्हीं 4 इम्पैक्ट प्लेयर्स में से टीमें किसी एक प्लेयर को मैच के दौरान प्लेइंग-11 में शामिल खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकेंगी। मैच में दोनों पारियों के दौरान 14 ओवर तक इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल कर खिलाड़ी को रिप्लेस कर सकेंगे। एक टीम पूरे मैच के दौरान सिर्फ एक बार इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल कर सकेगी। वह चाहे तो पहली पारी के 14 ओवर तक रिप्लेसमेंट ले या फिर दूसरी पारी के 14वें ओवर तक।

# तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 21 रन से हराया, काम न आई कोहली की फिफ्टी

भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में वनडे सीरीज 1-2 से हार गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया को बुधवार को तीसरे वनडे में कंगारुओं ने 21 रन से हरा दिया। टीम इंडिया घरेलू मैदान पर 26 सीरीज बाद किसी भी फॉर्मेट की बाइलैटरल सीरीज हारी है। इस दौरान भारतीय टीम ने 24 सीरीज जीती और 2 ड्रॉ खेली हैं। फरवरी 2019 में ऑस्ट्रेलिया ने टीम को एक टी-20 और 5 वनडे की सीरीज 3-2 से हराई थी। इसके बाद टीम ने 7 वनडे और 6 टेस्ट सीरीज जीती। टीम ने इस दौरान 13 टी-20 सीरीज में 11 जीतीं और 2 ड्रॉ खेली। इस तरह भारत तीनों फॉर्मेट मिलाकर घरेलू मैदान पर 26 सीरीज बाद कोई श्रृंखला हारा है। बुधवार को चेपॉक मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 ओवर में 269 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय बल्लेबाज 49.1 ओवर में 248 रन ही बना सके। कुलदीप आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए, जबकि मोहम्मद सिराज नाबाद रहे।



गोलकीपर ने गोल दागा, 101 मीटर दूर से किक मारी

# सबसे लंबी दूरी के गोल का रिकॉर्ड बन सकता है, चिली लीग का मैच था

**चिली।** लैटिन अमेरिका के चिली में टॉप डिवीजन फुटबॉल लीग में हैरतअंगेज गोल देखने को मिला। केब्रेसल टीम के अर्जेंटीना के गोलकीपर लिएंड्रो रिकेना ने अपने बॉक्स से ही बिना किसी मदद के दूसरे छोर पर बॉल पहुंचा दी और गोल दाग दिया। दूसरे शब्दों में कहें तो एक किक में बिना किसी को पास किए गोलकीपर ने गोल स्कोर किया। चिली के स्पोर्ट्स चैनल ञ्जहृञ्ज स्पोर्ट्स के मुताबिक, गोल ने 101 मीटर की दूरी तय की। अगर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इसे वेरिफाई करता है तो यह फुटबॉल इतिहास में सबसे लंबी दूरी के गोल के रिकॉर्ड को तोड़ देगा। केब्रेसल ने कोलो-कोलो को 3-1 से हराया। मैच चिली की कोब्रेसल और कोलो-कोलो टीम के बीच चल रहा




था। कोब्रेसल टीम 77वें मिनट में पहले से ही 2-0 से आगे चल रही थी। काब्रेसल के गोलकीपर लिएंड्रो रिकेना ने पेनल्टी बॉक्स से ही लम्बा शॉट हिट किया। इस दौरान कोलो-कोलो टीम के गोलकीपर ब्राय कोर्टेस पेनल्टी बॉक्स के बाहर थे। बॉल आई और उनके सिर के ऊपर से उछलकर गोल में चली गई। गोल स्कोर करने वाले प्लेयर रेक्विना ने चिली के एक रेडियो शो में कहा - मैंने क्लब मैनेजर मैंने जुआन सिल्वा से पूछा कि क्या रिकॉर्ड रिकॉर्ड बन सकता है। उन्होंने कहा बिलकुल। अब हम देखना चाहते हैं कि वास्तव में दूरी कितनी थी, चिली फुटबॉल फेडरेशन मैदान की लंबाई देखने के लिए ऑफिशियल्स को भेजेगा। पूरा फुटबॉल ग्राउंड 150 मीटर लंबा है।

# शूटिंग वर्ल्डकप में सरबजोत ने भारत को दिलाया पहला गोल्ड:10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के टॉप पर रहे, वरुण को कांस्य

**भोपाल।** हरियाणा के सरबजोत सिंह ने ढ्डस्स्र शूटिंग वर्ल्ड कप 2023 में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में खेले जा रहे शूटिंग वर्ल्ड कप में बुधवार को 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया। धीन गांव के रहने वाले किसान के बेटे सरबजोत ने अजरबैजान के रूस्लान लुनेव को 16-0 से हराया। आईएसएसएफ विश्व कप के स्वर्ण पदक मैच में पहली बार है कि किसी प्रतिद्वंद्वी को ब्लैक-आउट किया गया है। ब्लैक-आउट यानी सरबजोत ने विपक्षी के खिलाफ 16-0 से क्लीन स्वीप किया, उन्होंने विपक्षी को एक भी पॉइंट नहीं लेने दिया। वर्ल्ड कप 2023 में भारत के लिए यह पहला गोल्ड मेडल है। वहीं भारत के वरुण तोमर को भी ब्रॉन्ज मेडल मिला। उन्होंने क्वालीफिकेशन सीरीज में 98, 97, 99, 97, 97, 97 का स्कोर किया। क्वालीफिकेशन सीरीज में चीन के लियु जिनयाओ 584 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल राउंड में सरबजोत ने 253.2 और रूस्लान ने 251.9 अंक हासिल किए। वरूण 250.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि छह अन्य निशानेबाज में कोई भी ओलंपियन खिलाड़ी नहीं था। स्विट्जरलैंड के जेसन सोलारी ही एक ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने साल 2018 यूथ ओलंपिक गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

# पीठ दर्द के चलते आखिरी टेस्ट और वनडे सीरीज नहीं खेले, सर्जरी हुई तो 5 महीने लगेंगे

इंडिया के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ढ्ढक्क और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ड्ढञ्जष्ट) के फाइनल से बाहर हो सकते हैं। पीठ में दर्द के चलते श्रेयस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट और वनडे सीरीज भी नहीं खेल सके थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रेयस अय्यर को डॉक्टरों ने सर्जरी की सलाह दी है। अगर उनकी सर्जरी होती है तो क्रिकेट के मैदान में वापसी करने में कम से कम 5 महीने लग सकते हैं। ऐसे में वो आने वाले अहम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि श्रेयस की सर्जरी लंदन या फिर भारत के किसी अस्पताल में होगी। इस दौरान ब्क्चष्टढ्ढ उन पर नजर बनाए रखेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (ब्क्चष्टढ्ढ) ने अय्यर को लेकर अब तक कुछ नहीं कहा है। ढ्ढक्क के मैच 31 मार्च से शुरू होंगे। ये टूर्नामेंट मई के आखिर तक चलेगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 से 11 जून तक इंग्लैंड के ओवल में खेला जाएगा। जहां तक बात वनडे वर्ल्ड कप की है तो यह 5 अक्टूबर से शुरू होगा। यानी सर्जरी की स्थिति में अय्यर के पास ये टूर्नामेंट खेलने के चांस रहेंगे। ढ्ढक्क 2022 मेगा ऑक्शन में ्यय्क्र ने अय्यर को 12.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। पिछले सीजन भले ही अय्यर की कप्तानी में ्यय्क्र अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी, लेकिन उन्होंने अपने बल्ले से शानदार खेल दिखाया था।

# अनिरुद्ध थापा ने स्कोर किया गोल, ट्राई सीरीज का अगला मैच किर्गिजस्तान के खिलाफ

**इम्फाल।** यानी इंडियन सुपर लीग अब खत्म हो चुकी है। अब इंटरनेशनल फुटबॉल का भी आगाज हो गया है। इस समय भारतीय फुटबॉल टीम किर्गिजस्तान और म्यांमार के खिलाफ ट्राई सीरीज खेल रही है। पहला मैच सोमवार को भारत और म्यांमार के बीच मणिपुर की राजधानी इम्फाल में खेला गया। भारत ने यह मुकाबला 1-0 से जीता। मैच के पहले हाफ के एक्स्ट्रा टाइम में भारत के अनिरुद्ध थापा ने इकलौता गोल दागा। हालांकि, पूरे मैच के दौरान भारत ने ही दबदबा बनाए रखा। भारत अगला मैच किर्गिजस्तान के खिलाफ 28 मार्च को खेलेगा। भारतीय विंगर्स बिपिन सिंह और लालियानजुआला चांग्ते शुरू से ही फिल्ड में एक्टिव दिखे। कप्तान सुनील छेत्री ने कई बार क्रॉस कर गोल का चांस बनाने का प्रयास किया। वहीं जैक्सन सिंह ने भी



शानदार प्रदशर्शन किया। उन्होंने म्यांमार के खिलाफ शानदार डिफेंस किया। आखिर में गोल आया राइट बैक से राहुल भेके ने म्यांमार के पाले में क्रॉस किया। वहां सही समय पर सही जगह थापा खड़े थे। उन्होंने बिना कोई गलती किए बॉल को गोलपोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। भारत के हेड कोच इगोर स्टिमाक दूसरे हाफ में मोहम्मद यासिर की जगह सुरेश वांगजाम को लेकर आए। इसके तुरंत बाद, लोकल प्लेयर नौरेम महेश सिंह ने अपनी शुरुआत की, क्योंकि उन्होंने और मनवीर सिंह ने बिपिन सिंह और चांगते की जगह ली। छेत्री ने थापा को क्रॉस दिया और थापा ने दूसरे हाफ में फिर गोल दाग दिया। लेकिन रेफरी ने इसे ऑफसाइड करार दिया गया। जैसे-जैसे समय बीतता गया, जमशेदपुर एफसी के मिडफील्डर ऋत्विक दास को भी डेब्यू का मौका मिल गया। दास और रोशन सिंह ने आकाश मिश्रा और थापा की जगह ली। फीफा रैंकिंग में भारत 106वें नंबर पर फीफा वर्ल्ड फुटबॉल मेंस टीम रैंकिंग में भारत इस समय 106 वें नंबर पर है। म्यांमार 159वी पोजीशन पर है। 20वें नंबर पर जापान एशिया की टॉप टीम है। वहीं, श्रीलंका 207 पॉइंट्स के साथ एशिया की सबसे कमजोर टीम है।

# चिरंजीवी की भोला शंकर की रिलीज डेट का ऐलान, पोस्टर में तमन्ना भाटिया-कीर्ति सुरेश के साथ दिखा खास अंदाज

गॉडफादर और वाल्टेयर वीरय्या जैसी सुपरहिट फिल्मों के बाद अब मेगास्टार चिरंजीवी की अगली फिल्म भोला शंकर का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. पहली बार मेहर रमेश के साथ चिरंजीवी ने फिल्म के लिए सहयोग किया है. ये एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है जिसमें अभिनेता का दमदार रोल देखने को मिलेगा. फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है. मेकर्स ने उगादी पर्व यानी गुड़ी पड़वा के इस खास मौके पर भोला शंकर के रिलीज डेट की घोषणा की है. चिरंजीवी की फिल्म भोला शंकर 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म बंपर ओपनिंग कर सकती है ऐसी चर्चा जोर-शोर से हो रही है. रिलीज के बाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस



की छुट्टी का फिल्म को फायदा मिल सकता है. वहीं 22 अगस्त को चिरंजीवी का जन्मदिन भी है जो उनके फैंस के लिए किसी बड़े त्योहार से कम नहीं है. ऐसे में फिल्म के शानदार कमाई की पूरी उम्मीद की जा रही है. फिल्म के निर्माताओं ने भोला शंकर की रिलीज डेट के साथ इसका शानदार पोस्टर भी आउट किया है. फिल्म में चिरंजीवी के अलावा कीर्ति सुरेश और तमन्ना भाटिया भी नजर आएंगी. कीर्ति सुरेश फिल्म में अभिनेता की बहन का किरदार निभाती नजर आएंगी.बता दें, भोला शंकर तमिल फिल्म वेदलम का आधिकारिक तेलुगू रीमेक है. वेदलम में साउथ सुपरस्टार अजीत कुमार, लक्ष्मी मेनन और श्रुति हासन मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

# एआर मुरुगादॉस की 16 अगस्त, 1947 का ट्रेलर जारी

## हिंदी समेत कई भाषाओं में होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता गौतम कार्तिक मौजूदा वक्त में अपनी फिल्म 16 अगस्त, 1947 को लेकर चर्चा में हैं। अब मंगलवार को निर्माताओं ने 16 अगस्त, 1947 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसकी कहानी बेहद दिलचस्प लग रही है। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह काफी बढ़ गया है। यह फिल्म 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। 16 अगस्त, 1947 तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी, मलयालम और अंग्रेजी में रिलीज होगी। गजनी और होलीडे जैसी फिल्में देने वाले जाने-माने निर्देशक एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित फिल्म में एक पूर्ववर्ती गांव की आकर्षक कहानी दिखाई गई है, जहां एक बहादुर व्यक्ति भारतीय स्वतंत्रता के दौरान अपने प्यार के लिए ब्रिटिश ताकतों से लड़ता है। यह फिल्म हमारे स्वतंत्रता संग्राम की एक अनदेखी और अनसुनी कहानी बताती है। इसमें गौतम के अलावा रेवती और पुगाज भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर




दिखाता है कि कैसे सेंगाडू के निर्दोष ग्रामीणों को ब्रिटिश सेना द्वारा निर्दयता से प्रताड़ित किया जाता है। लेकिन जैसे ही एक आदमी इन दुष्ट शासकों के खिलाफ उठने का फैसला करता है, वैसे ही आजादी हासिल करने की दिशा में एक क्रांति शुरू हो जाती है।क्या सेंगाडू के ग्रामीण अंग्रेजों के खिलाफ लड़ पाते हैं? या वे इन खतरनाक खलनायकों द्वारा कुचल दी जाते हैं? इस रोमांचक ट्रेलर के अंत तक फैन्स के पास यह सवाल बचा रह जाता है। गौतम कार्तिक और डेब्यू कर रही रेवती ने फिल्म में मुख्य किरदार निभाया है। 16 अगस्त, 1947 में पुगाज़ भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।हो सकता है कि यह आश्चर्यजनक सेइस फिल्म का शानदार सेट हो या धारदार एक्शन या फिर गौतम और रेवती के बीच का मधुर रोमांस और साथ ही मधुर संगीत, ये सब इस ट्रेलर के शानदार पहलू हैं, जो फिल्म के एभाव्यता का एक झलक दिखला जाते हैं। अपने नए प्रोडक्शन के बारे में बात करते हुए, ए.आर. मुरुगादॉस कहते हैं, 16 अगस्त, 1947 भारत के स्वतंत्रता संग्राम की एक खोई हुई कहानी है।

# नानी अभिनीत दसरा के हिंदी संस्करण के लिए शरद केलकर ने अपनी आवाज दी

बाहुबली और गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी जैसी फिल्मों की डबिंग करने के बाद शरद केलकर ने अब दक्षिण की सुपरस्टार नानी के लिए तेलुगू फिल्म दसरा के लिए हिंदी में डबिंग की है, जो एक एक्शन थ्रिलर है, जिसे श्रीकांत ओडेला ने लिखा और निर्देशित किया है।बाहुबली के बाद दूसरी दक्षिण फिल्म की डबिंग के बारे में बात करते हुए शरद ने कहा, इस कद की अखिल भारतीय परियोजनाओं के साथ जुड़ना हमेशा एक अद्भुत और अत्यधिक समृद्ध अनुभव होता है। मैं अपने साथी अभिनेता नानी का बहुत सम्मान करता हूं। उनके कार्य प्रशंसनीय हैं।शरद फिल्मों और टीवी दोनों में अपने काम के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने रात होने को है, सात फेरे = सलोनी का सफर, पति पत्नी और वो, बैरी पिया जैसे टीवी शो किए और उन्होंने हलचल, 1920 = एविल रिटर्न्स, हाउसफुल 4 जैसी फिल्मों में भी काम किया। तान्हाजी में उन्होंने शिवाजी महाराज की भूमिका निभाई। इस फिल्म के लिए चुनौतीपूर्ण डबिंग प्रक्रिया की बात साझा करते हुए उन्होंने कहा = यह काफी चुनौतीपूर्ण भूमिका थी, इसकी एक मनोरंजक कहानी और कुछ दिलचस्प दृश्य हैं, जो एक कलाकार को बहुत गुंजाइश प्रदान करते हैं।

इसने दशहरा के लिए डबिंग प्रक्रिया को वास्तव में सुखद बना दिया। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हिंदी संस्करण का आनंद लेंगे और मैं प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहा हूं।




# सैम बहादुर की शूटिंग पूरी होने पर विक्की कौशल ने जताया आभार

अभिनेता विक्की कौशल ने अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर खुद को दर्शकों के बीच साबित किया है। अब वह फिल्म सैम बहादुर में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का किरदार निभाते दिखेंगे। यह फिल्म इसी साल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और सोशल मीडिया पर इसका हिस्सा बन खुशी जाहिर की। आइए आपको बताते हैं कौन थे सैम मानेकशॉ, जिनकी प्रेरणादायी कहानी पर्दे पर आने वाली है। 3 अप्रैल, 1914 को अमृतसर में जन्मे सैम का पूरा नाम होरमुजजी फ्रामजी जमशेदजी मानेकशॉ था, लेकिन उनकी बहादुरी की वजह से उनके चाहनेवाले उन्हें सैम बहादुर बुलाते थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा अमृतसर और शेरवुड कॉलेज, नैनीताल में हुई थी। सैम या तो सेना में जाना चाहते थे या लंदन जाकर अपने पिता की तरह डॉक्टर बनना चाहते थे, लेकिन उनके पिता राजी नहीं हुए। इस बीच उनका सेना में चयन हो गया और उन्होंने इसी में अपना करियर बनाया। सैम को दूसरे विश्व युद्ध के दौरान बर्मा मोर्चे पर जापानी सैनिकों के खिलाफ मशीनगन की 7 गोलियां लगी थीं, जो उनकी आंतों, दिल और गुर्दे पर लगी थीं। इसके बाद भी सैम को मौत छू नहीं सकी और उनकी हालत देखकर खुद डॉक्टर तक हैरान थे, जो उनके बचने की उम्मीद छोड़ चुके थे। उन्होंने सैम के शरीर से गोलियों को निकाला और उनकी आंत का एक क्षतिग्रस्त हिस्सा तक निकाल देना पड़ा था। सैम सेना के पहले ऐसे आर्मी चीफ थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री को दो टूक जवाब दिया था। अप्रैल 1971 में इंदिरा गांधी ने उनसे पूछा था कि क्या वह पाकिस्तान के साथ जंग के लिए तैयार हैं? उन्होंने इंदिरा गांधी को साफ-साफ कहा कि भारतीय सेना जंग के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। अगर अभी भारतीय सेना युद्ध के लिए जाती है तो फिर उसे हार से कोई नहीं बचा सकता। उनके इस जवाब पर प्रधानमंत्री काफी नाराज हो गई थीं। सैम ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया था कि उन्हें कुछ महीने का समय दिया जाए और फिर दिसंबर, 1971 में भारत-पाक युद्ध शुरू हुआ था। युद्ध में जब भारत ने सैन्य ताकत के बल पर पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था, तब सैम उस युद्ध के बड़े हीरो के तौर पर उभरे थे, जिन्होंने रणनीति रचने से लेकर सेना की अगुवाई की थी और केवल 14 दिनों में पाकिस्तान की हार तय कर दी थी। वह भारत के सबसे महान सैन्य कमांडरों में से एक थे। भारत में सेना के शीर्ष पदों पर काबिज सैन्य अधिकारियों में से एक सैम की बहादुरी और उपलब्धियों की आज भी मिसाल दी जाती है। सैम भारतीय सेना के पहले 5 स्टार जनरल और पहले भारतीय सेना अधिकारी थे, जिन्हें भारत में फील्ड मार्शल के पद से सम्मानित किया गया। गोरखा रेजीमेंट से आने वाले सैम भारतीय सेना के 8वें चीफ थे। सैम ने 5 युद्ध लड़े थे। इसमें द्वितीय विश्व युद्ध, भारत पाकिस्तान विभाजन, 1962 का भारत-चीन युद्ध, 1965 और 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध। उनकी वीरता और नेतृत्व के लिए उन्हें मिलिट्री क्रॉस, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। 27 जून, 2008 को तमिलनाडु के वेलिंगटन के सैन्य अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी। 27 अक्टूबर, 2009 को इन्फैंट्री दिवस पर पुणे छावनी के मुख्यालय के पास सैम की एक प्रतिमा का अनावरण किया गया था।

# हेरा फेरी 3 में संजय दत्त निभाएंगे नेत्रहीन डॉन की भूमिका

## अभिनेता ने की पुष्टि


अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. इसकी स्टारकास्ट से संजय दत्त भी जुड़ चुके हैं. कुछ दिनों पहले संजय दत्त ने कंफर्म किया कि वह हेरा फेरी 3 का हिस्सा हैं. अब संजय दत्त ने फिल्म में अपने रोल को लेकर खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि मूवी में उनका क्या किरदार होगा.संजय दत्त से पूछा गया कि क्या आप हेरा फेरी 3 में अंधे डॉन का रोल निभा रहे हैं? तो इसके जवाब में उन्होंने हां कहा.



उन्होंने बताया कि एक बार एक्टर्स की डेट्स कंफर्म हो जाए तो फिल्म की टीम इस साल शूटिंग शुरू कर देगी. इससे पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संजय दत्त ने फिल्म हेरा फेरी 3 में काम करने की खबर पर मुहर लगाया था. उन्होंने कहा, हां, मैं फिल्म कर रहा हूं. पूरी टीम के साथ शूटिंग करना एक्साइटिंग होगा. यह एक बेहतरीन फ्रेंचाइजी है और मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं. फिरोज और मेरा रिश्ता भी बहुत पुराना है. मालूम हो कि फिल्म हेरा फेरी 3 को फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं. हेरा फेरी 3 का निर्देशन फरहाद सामजी करे हैं. देश के अलावा इस फिल्म की शूटिंग लॉस एंजिल्स, अबु धाबी और दुबई में होगी.बताते चलें कि हेरा फेरी 3 के अलावा संजय दत्त लोकेश कनगराज की फिल्म लियो में नजर आएंगे, जिसमें विजय थलापति लीड रोल निभा रहे हैं. पिछली बार संजय दत्त फिल्म शमशेरा में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर किया था. हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी. इसके अलावा संजय दत्त के पास बाप, द गुड महाराजा जैसी फिल्में हैं।

# अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 सिनेमाघर छोड़ वूट और जियो सिनेमा पर होगी रिलीज

ओह माय गॉड यानी ओएमजी अक्षय कुमार की शानदार मूवीज में से एक रही है. जिसका सीक्वल बनाने की डिमांड भी जोरों पर रही है. सीक्वल का इंतजार कर रहे अक्षय कुमार के फैन्स के लिए बड़ी खुशखबरी है. इस फिल्म का सीक्वल यानी कि ओएमजी 2 जल्द रिलीज होने वाली है. लेकिन एक ट्विस्ट के साथ. इस ट्विस्ट को देखते हुए फैन्स दो अलग अलग राय में बंट गए हैं. कुछ फैन्स को लगता है कि फिल्म से जुड़ा नया फैसला गलत है. जबकि कुछ को लगता है कि इस फैसले को दूसरी फिल्मों पर भी लागू करना चाहिए.जिस फिल्म ने अक्षय कुमार के फिल्मी करियर को नए आयाम दिए थे उसी फिल्म ओह माय गॉड के पार्ट 2 को अक्षय कुमार ने थियेटर में न रिलीज करने का फैसला किया है. ये फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी. पोस्टर के रूप में फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करने के साथ ही इस बात की जानकारी भी दी गई है. फिल्म एक्सपर्ट क्रिस्टोफर कनगराज ने ट्वीट कर बताया है कि ओह माय गॉड 2 जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होगी. ये प्लेटफॉर्म वूट/जियो सिनेमा पर रिलीज हो सकती है.इस ट्वीट के शेयर होते ही फैन्स ने इसे थियेटर में रिलीज करने की डिमांड की है. ट्विटर पर ओएमजी 2 तो ट्रेंड हो ही रहा है जिसमें कुछ फैन्स ने कमेंट किया है कि ये फिल्म थियेटर के लायक है. इसे थिएटर में रिलीज करें. कुछ फैन्स ने अक्षय की लगातार फ्लॉप हो रही फिल्म को देखकर लिखा है कि आगे आने वाली फिल्म्स भी ओटीटी पर ही रिलीज हो तो अच्छा है।




# कैमरे के सामने निक्की तंबोली ने दिए ऐसे-ऐसे पोज

बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली आए दिन अपनी बोल्डनेस का जादू फैंस के बीच बिखेरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस उन पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। इन दिनों निक्की का लेटेस्ट फोटोशूट इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन इंस्टा पर अपने हुस्न से आग लगाती रहती हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी पोस्ट के जरिए सबका ध्यान खींचने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों अपनी हॉटनेस से फैंस को दीवाना बना रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लू कलर की शॉर्ट बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। अपने इस आउटफिट में एक्ट्रेस निक्की तंबोली बेहद ही हॉट और सिजलिंग नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने महज 26 साल की उम्र में काफी लोगों को अपना दीवाना बना रखा है।



# ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं जो मुझे कलाकार के तौर पर चुनौती दें : अदिति शेट्टी

भाग्यलक्ष्मी और नागिन 6 जैसे शो का हिस्सा रहीं टीवी अदाकारा और मॉडल अदिति शेट्टी फिलहाल धर्मपत्नी में नजर आ रही हैं और एक्ट्रेस का कहना है कि उन्हें टीवी पर अलग-अलग तरह के रोल एक्सप्लोर करना पसंद है। अभिनेत्री ने कहा कि उनके शो धरमपत्नी में उनका किरदार परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और वह इसे पसंद करती हैं। उन्होंने कहा- एक अभिनेता के रूप में, मेरा लक्ष्य सिर्फ विभिन्न भूमिकाएं निभाना है। मैं ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं जो मुझे एक अभिनेता के रूप में चुनौती दें और मुझे हर दिन बढने् और सीखने में मदद करें। धरमपत्नी में काव्या का किरदार मेरे लिएअद्भुत यात्रा रही है, एक कलाकार के रूप में मैंने बहुत कुछ सीखा है और यह मेरे लिए एक पुरस्कृत अनुभव रहा है। मैं असल जिंदगी में काव्या जैसी नहीं हूं और जब मैं काव्या का किरदार निभा रही हूं तो मुझे पूरी तरह से अलग जिंदगी जीने का मौका मिल रहा है। मैं इस भूमिका को पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं और इसके साथ न्याय कर पाना मेरा उद्देश्य है। यह कहने के बाद, मैं मुख्य भूमिका के साथ-साथ मजबूत सकारात्मक भूमिकाओं की प्रतीक्षा कर रही हूं क्योंकि मैं एक अभिनेता के रूप में इसे लेने और इसके साथ न्याय करने के लिए तैयार और आश्वस्त महसूस करती हूं।वह किस तरह के रियलिटी शो का हिस्सा बनना चाहती हैं, इस बारे में बात करते हुए वह कहती हैं- मैंने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की थी और उस समय, मुझे उससे संबंधित शो करने में बहुत दिलचस्पी थी। इसलिए मैं इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल का हिस्सा थी। मुझे लगता है कि जिस शो में मुझे अपने व्यक्तित्व को दिखाने का मौका मिलेगा वह रोमांचक होगा। हो सकता है कि बिग बॉस मुझे परखने के लिए अच्छा होगा कि मैं कुछ स्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया करती हूं।वह कहती हैं, टीवी अभिनेता होने के बारे में सबसे बड़ा प्लस वह प्यार है जो आपको मिलता है- यह बहुत अभिभूत करने वाला है कि दर्शक आपको कितना प्यार देते हैं। दर्शकों ने मुझे जो प्यार दिया है, उसके लिए मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। अभिनय मेरा जुनून है। जागना और अपनी पसंद का काम करना दुनिया का सबसे अच्छा अहसास है। मुझे कैमरे के सामने रहना और परफॉर्म करना बेहद पसंद है। उद्योग में सर्वश्रेष्ठ के साथ इस तरह के अद्भुत अवसर प्राप्त करने के लिए मुझे प्रेरित करता है। मेरा परिवार और दोस्त मेरा काम देखना पसंद करते हैं और उन्हें खुश देखना और अपने दर्शकों का मनोरंजन करना हर दिन बेहतर करने की मेरी अंतिम प्रेरणा है।

# एक्सीडेंट में हुई मौत पर राष्ट्रीय राजमार्ग 719 पर 3 घंटे लगा रहा जाम एंबुलेंस एवं स्कूल छोटे बच्चे फंस

**पुष्पांजली टूडे, मालनपुर संवाददाता**

मालनपुर नेशनल हाईवे 719 ग्वालियर राजमार्ग मृतक गूसाए परिजनों ने लगाया 3 घंटे जाम इस जाम में स्कूल बसें एंबुलेंस आदि सैकड़ों बस ट्रक कार मोटरसाइकिल एवं रतन ज्योति हॉस्पिटल आंखों बनवाने जा रही बस के पहिए थमे रहे ग्वालियर राजस्व पुलिस विभाग ने 3 घंटे तक मशक्कत करने के बाद जाम खोला गया 2 किलोमीटर लंबी लाइन थाना मालनपुर टोल टैक्स हजारों राजगीर इस जाम में फंसे भुके प्यासे से बच्चे फसे रहे परंतु जाम लगने लगाने वाले अपनी मांग मनाने के लिए मेन रोड पर मृतक के सब को रखकर बैठे रहे ज्ञात रहे कि 23 मार्च रात्रि 8 बजे के लगभग एक ट्रैक्टर की टक्कर से मालनपुर एक्सिस बैंक के सामने मोटरसाइकिल जिसमें दो गंभीर हालत में घायल हो गए थे जिसमें प्रमोद पुत्र प्रताप सिंह किरार उम्र 40 साल निवासी शीतोल का पूरा एवं संजयराम पुत्र किशनकुमार ऊम 27 साल निवासी सीतानगर जय अंबे रोड ठाणे महाराष्ट्र हो गए थे जिनमें प्रमोद पुत्र प्रताप सिंह किरार उम्र 40 वर्ष जेएच अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई ग्वालियर थाना महाराजपुरा पुलिस ने अज्ञात वाहन टैक्टर को पकड़ लिया है परंतु चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया मृतक का पोस्टमार्टम के बाद सबको परिजनों ने को सौंप दिया परिवार जनों ने आज सब मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग 719 इटावा ग्वालियर मार्ग एक्सिस बैंक के सामने रोड पर परिजनों ने सबको रखकर जाम



लगा दिया जाम दोपहर 1बजे लगा दिया गया और परिजनों की मांग थी मृतक की पत्नी रमा को शासकीय नौकरी उनके परिवार को शासन द्वारा लाखों की राशि मांगी गई रोड पर गति अवरोधक लगाए क्योंकि इस जगह एक्सीडेंट की चौथी घटना है शासन हमेशा आश्वासन देकर चला जाता है इस घटनास्थल पर महाराज पुरा थाना प्रभारी पंकज त्यागी के साथ तहसीलदार कुलदीप दुबे ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद ड़25000 नगद परिजनों को दिए जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश सरकार से अधिक से अधिक मृतक परिजनों को अनुदान राशि दिलाने की पूरी कोशिश करने आश्वासन दिया इस अवसर पर पूर्व सरपंच कल्याण सिंह किरार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय विधायक मंत्री भरत सिंह कुशवाह के फोन से चर्चा की तो उन्होंने फोन पर कहा कि जाम खुलवा ओ मुख्यमंत्री कोर्स से शीघ्र परिजनों को 3 लाख की राशि दिलाएंगे परंतु परिजन नहीं माने इस वार्तालाप में इतना सब बीत गया थाना महाराज पुरा पुलिस ने अपना थोड़ा सख्ती से पेश आए कुछ ग्रामीण बुजुर्गों ने नव युवकों को समझाया क्यों समाज की बेइज्जती पर उतारे हो जब जाम खुला है इस 2 किलोमीटर लंबे जाम में पुलिस थाना महाराज पूरा से टोल प्लाजा बरेठा तक जाम लगा जिसमें शिवाजी पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चे कि बस में बैठे रहे भूखे प्यासे जड स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार को पता चला तो उन्होंने बच्चों को बिस्कुट पानी की व्यवस्था की इस जाम में चार एंबुलेंस हजारों लोगों एवं ट्रक और चार पहिया वाहन फंसे सैकड़ों दोपहिया वाहन सवारी जाम खुलेने का इंतजार करते रहे कि कब अपनी यात्रा पूरी करें दर्जनों बसें उद्योग इकाई शिफ्ट बसें फंसी रही अपने पीछे पत्नी रमाबाई 38 वर्ष जिले बेटा मोहित 18 साल बेटी शीतल 16 वर्ष दूसरा बेटा आशुतोष 13 वर्ष को रोते बिलखते छोड़ गया मृतक के चार भाई थे जिसमें दो पहले ही बीमारी के कारण उनकी मौत हो गई थी

## एक नजर...

### प्रदेश में अराजकता का माहौल सब लूट में लगे हैं : डॉ गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के राज्य में प्रदेश में अराजकता का माहौल बन गया है,सब के सब लूट में लगे हुए है। नेता डॉ सिंह ने कहा कि प्रदेश में सरकार और कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज बची नहीं है । नेता डॉ सिंह ने खनिज माफियाओं के बड़ते हौसलों के लिए पूरी तरह से मध्यप्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है, डॉ सिंह ने कहा कि भाजपा के राज्य में भू माफिया एवं खनिज माफिया इस कदर हावी हो चुके है, कि कभी मजदूरों को कुचल कर मार दिया जाता अगर उनके खिलाफ कभी कोई पत्रकार कुछ लिखे या कोई अधिकारी कुछ कार्यवाही करना चाहे तो उन्हें कुचल कर या अन्य तरीकों से मरवा दिया जाता है, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में जनता,महिलाएं यहां तक कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी सुरक्षित नहीं है,उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नुमाइंदे भृष्टाचार करने में लगे है, शासन-प्रशासन के कई जिम्मेदार लोग भृष्टाचार कर रहे है अथवा भृष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे हैं। भाजपा की सरकार आमजनता को हर तरह से लूटने में लगी हुई है। आये दिन देखने-सुनने को मिलता है कि फला नेता या फला सरकारी अधिकारी अथवा कर्मचारी किसी न किसी भृष्टाचार में लिप्त पाया जाता है। उन्होंने कहा कि भृष्टाचार और भृष्टाचारियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी हमेशा संघर्षरत रही ओर आगे भी संघर्ष करती रहेगी। डॉ सिंह ने कहा कि प्रदेश में ऐसा कोई विभाग नहीं बचा जहां भृष्टाचार नहीं हो रहा है, कांग्रेस वर्तमान सरकार को बारबार चेतावनी दे रही है, कि भृष्टाचार को शीघ्र रोका जाए अन्यथा कांग्रेस बड़े आंदोलन करेगी।

### सहायक शिक्षकों ने निकाली न्याय पदयात्रा रैली वेतन विसंगति दूर करने किया धरना प्रदर्शन




**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर गरियाबंद जिले में वेतन विसंगति न्याय पदयात्रा क्रमिक आंदोलन का 24 मार्च को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया !जिसमें जिले के गरियाबंद, मैनपुर,छूरा,फिंगेश्वर,एवं देवभोग विकासखंड के सहायक शिक्षकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया !और सरकार के वादा खिलाफी से नाराज होकर खूब नारेबाजी की !सहायक शिक्षकों ने बताया कि वे पिछले चार सालों से वेतन विसंगति दूर करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं !जिसके लिए सरकार ने तीन महीने में रिपोर्ट सौपने वाली कमेटी भी बनाई लेकिन वेतन विसंगति को दूर नही किया जा सका है !तथा वर्तमान बजट में भी प्रदेशभर के 109000 सहायक शिक्षकों को कुछ नही मिला !जिसके कारण सहायक शिक्षकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है !जिसका खामियाजा आने वाले समय में सरकार को भुगतना पड़ सकता है !धरना प्रदर्शन में सहायक शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ हुंकार भरते हुए खूब नारेबाजी करते हुए कहा कि÷वेतन विसंगति दूर नही,अगली पारी मंजूर नही !इस मौके पर आंदोलन सभा के मुखअतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष कुमेंद्र कश्यप के नेतृत्व में गांधी मैदान से रैली निकालकर जिला कलेक्ट्रेट गरियाबंद में पहुँचकर मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया !ज्ञापन में प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर वेतन विसंगति दूर करने की एक सूत्रीय मांग प्रमुख है। धरना प्रदर्शन में जिले के पांचों विकासखंड के सहायक शिक्षक संवर्ग बड़ी संख्या में शामिल थे।

### धवलपुर आंगनबाड़ी केंद्र 03 में 24 मार्च से 3 अप्रैल तक मनाया जायेगा पोषण पखवाड़ा त्यौहार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गरियाबंद ग्राम पंचायत** - धवलपुर के आंगनबाडी केंद्र - 03 यादवपारा मे- सुपोषण चौपाल के अन्तर्गत मार्च 2023 से 3 अप्रैल 2023 तक पोषण पखवाड़ा त्यौहार मनाया जा रहा है इसके अंतर्गत आज गोदभराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव - यशवंत कुमार यादव जी शामिल हुए और सभी गर्भवती महिलाओ, चुमेश्वरी यादव, जागेश्वरी यादव, राजेश्वरी यादव, को तिलक लगाकर, नारियल, चावल, चुडी,टिकली, पोस्टीक व्यंजन जो बच्चो को दिया जाता है उसको सभी गर्भवती महिलाओ को खिलाकर जागरूक किया गया जिसमे,किशोरी बालिका, नंदनी यादव, गीता यादव ,हितेश यादव ,हितेश्वरी यादव, हिरा बाई यादव ,बेगो बाई बघेल,एंव आगनबाडी के सभी बच्चे उपस्थित थे और पोषण पखवाड़ा त्यौहार मनाया गया जिसमे आंगनबाडी कार्यकर्ता - जयंती सिन्हा ,उषा निषाद , चमेली सोरी ,सहायिका - केशर शाह, उत्तरा यादव , एव बड़ी संख्या मे आगनबाडी के बच्चो महिलाओ लड़की उपस्थित होकर सुपोषण चौपाल गोदभराई कार्यक्रम को सफल बनाए।

## विशाल भंडारे को लेकर महामाई पर बैठक का हुआ आयोजन कार्यकर्ताओं की बैठक, दायित्वों का हुआ वितरण

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर, अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर की आराध्य देवी महामाई के दरबार में आयोजित हो रहे श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ की पूर्णाहुति उपरांत होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियों को लेकर महामाई सेवा समिति सिरोंज लटेरी क्षेत्र के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक मंदिर प्राँगण में आयोजित की गई। बैठक के उपरांत समिति के संरक्षक और क्षेत्रीय विधायक उमाकान्त शर्मा ने महामाई समिति के सभी सदस्यों के सानिध्य में भोपाल रोड़ से महामाई मंदिर तक परिक्रमा मार्ग तक डिवाइडर सहित फोर लेन सड़क निर्माण की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर आर्शीवचन प्रदान करते हुए आचार्य नलिनीकांत शर्मा ने कहा कि मैया के सभी भक्तों के सहयोग से इस वर्ष भी यह आयोजन धूमधाम से मनाया जा रहा है। दशहरे के अवसर पर मैया की प्रसादी का विशाल भंडारा होगा जिसमें नगर एवं ग्रामीण जन पूरे मनोयोग से मातारानी की सेवा करते हुए सहयोग करते हैं। आज इस मेले का जो बृहद स्वरूप दिखाई दे रहा है उसका श्रेय महामाई के अनन्य भक्त ओर इस समिति के सरंक्षक रहे स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा को जाता है आप सबके सहयोग से ही उन्होंने मैया के उत्सव को भव्यता प्रदान करने में अपना सर्वस्व अर्पित किया है। महामाई मंदिर संरक्षक



उमाकांत शर्मा ने बैठक में समिति के सदस्यों को भंडारे की विभिन्न व्यवस्थाओं के दायित्वों का वितरण करते हुए कहा कि महामाई का इस आयोजन को विराटता ओर भव्यता के साथ सम्पन्न कराना होगा। यह मेला मध्यप्रदेश के पंजीकृत मेलों में से एक है। हम सब मातारानी की सेवा करेंगे सभी सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने मेले को ऐतिहासिक बनाने और पूर्णाहुति के दिन प्रसादी ग्रहण करने अपने नाते रिश्तेदारों, गाँव,मोहल्ले के नागरिकों को आमंत्रित करने का न्यौता भी दिया। बैठक का संचालन रमेश यादव ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रंधीर सिंह बघेल, सुरेश अग्रवाल, भैरोसिंह जादौन, दरयाब सिंह कुर्मी, संतोष चौरे, महेन्द्र सिंह दाँगी, सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, जगदीश पाराशर, सत्यनारायण शर्मा, घनश्याम रघुवंशी, कैलाश शर्मा, भैरोसिंह कुर्मी, पदम् ताम्रकार,महेंद्र सिंह दाँगी, मनमोहन साहू, चांदमल जैन, कामराज पाटीदार, जितेंद्र बघेल, नारायणदास साहू, सहित विभिन्न संस्थाओं के जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## नवसंवत्सर एवं गुड़ी पड़वा पर हुआ व्याख्यानमाला का आयोजन

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर के तत्वावधान में गत दिवस हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में विभाग सह प्रचार प्रमुख डॉ.नरेश त्यागी जी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष मुख्यवक्ता डॉ.नरेश त्यागी जी एवं मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा व मध्यभारत प्रांत, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव जी द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। जान्हवी नाईक द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ नरेश त्यागी जी ने बताया कि हिंदू सनातन धर्म परंपरा अपने आप में विलक्षण और वैज्ञानिक है। ऐसा कहा जाता है ,कि भगवान ब्रह्मा ने गुड़ी पड़वा के दिन ही सृष्टि का निर्माण किया था। इस दिन ही पृथ्वी का भी जन्म हुआ । डॉ कुमार संजीव जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी को नव संवत्सर एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन व्याप्ति उमड़ेकर एवं आभार डॉ करुणा सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष डॉ कुमार संजीव, श्री धीरज शर्मा, डॉ करुणा सक्सेना, डॉ मंदाकिनी शर्मा, श्री रामचरण चिराड़, श्री उपेंद्र कस्तूरे, डॉ लोकेश तिवारी, डॉ अंकित अग्रवाल, श्री राजेश अवस्थी, जान्हवी नाईक, अंकुर चौरसिया सहित अनेक साहित्यकार बंधु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने हेतु सप्ताह में एक बार नाली की सफाई अवश्य करें : डिप्टी कलेक्टर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । डिप्टी कलेक्टर पराग जैन ने भीम नगर एवं अटेर रोड़ बंबा पर पहुंच नगर पालिका परिषद भिण्ड अमले द्वारा की जा रही नाली की साफ-सफाई कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान नगर पालिका भिण्ड अमले को निर्देशित कर कहा कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए सप्ताह में एक बार नाली की सफाई अवश्य करें। उन्होंने बड़े नालों की गहराई तक मलबा निकालने के लिए जेसीबी चालक एवं सफाई मित्रों को निर्देश दिए। साथ ही नाले सफाई के दौरान निकाले गए मलवा के उठाव के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर सफाई व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की। साथ ही स्थानीय लोगों को नाली में कचरा न फेंकने और डस्टबिन का उपयोग करने की समझाइश दी।



## सुषमा स्वराज ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से भारत की राजनीति में विशेष पहचान स्थापित की : कंचन चौहान

### लाडली बहना योजना को महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सर्व समाज की मातृशक्ति को लाभ दिलाने का काम करेंगे : आभा जैन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया के आव्हान पर मध्य प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों में भारत की राजनीति को विशेष पहचान दिलाने वाली स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज अवार्ड का आयोजन किया जा रहा है । इसी कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाने के लिए महिला मोर्चा जिला इकाई द्वारा जैन डिग्री कॉलेज सभागार में सुषमा स्वराज अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला संगठन प्रभारी श्रीमती कंचन चौहान ने पहुंचकर शिरकत की। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष आभा जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और मंचासीन मातृशक्ति का पुष्पगुच्छ पहनाकर उनका स्वागत किया। कम का सफल संचालन जिला महामंत्री संगीता कौशल एवं आभार व्यक्त जिला महामंत्री आरती पाठक द्वारा किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की पर महिला मोर्चा प्रदेश नेतृत्व द्वारा भिंड जिले की प्रभारी श्रीमती कंचन चौहान ने मातृशक्ति को सम्मानित करते हुए कहा की सुषमा स्वराज ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से भारतीय राजनीति में विशेष पहचान स्थापित की लोकसभा और राज्यसभा के दोनों सदनों में उन्होंने कांग्रेश और विपक्ष के हर तर्क को रखा उनके भाषणों हम सब बहनों के लिए प्रेरणादायक बने और सरकार का पक्ष भी उन्होंने रखा। उन्होंने कहा जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में भी सर्व समाज की बहनों को प्रत्येक बूथ पर जोड़ने का काम किया आज संगठन काय वटवृक्ष कैलाश वासी श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया के संगठन रूपी वटवृक्ष को उन्होंने आगे बढ़ाने का काम किया उन्होंने भारत सरकार में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व विदेश मंत्रालय का भी प्रभार संभाला और भारत और पड़ोसी राज्यों से एक अच्छे संबंध स्थापित करने की पहल की। उन्होंने कहा की श्रीमती स्वराज एक महान महिला राजनीतिक थी जिन्होंने कभी सत्ता में रहते हुए भी तो



कभी विपक्ष के नेता के रूप में आजीवन भारतीय लोकतंत्र की निस्वार्थ सेवा की। मैं ऐसी महान मातृशक्ति को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और मातृशक्ति को कहा कि उनके अनुकरणीय विचारों को अपने हृदय में स्थापित करते हुए आगामी मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्येक भूत की महिलाओं को संगठित करते हुए मोदी और योगी सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर विकास से जोड़ने वाली हर योजना को उनके घर तक पहुंचाने का काम करें और ताकि फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश का नेतृत्व कर सके। उन्होंने कहा कि मोदी और शिवराज के नेतृत्व वाली सरकार ने महिला सशक्तिकरण की मजबूती के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित किया है। मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कृष्णकांता तोमर ने कहा कि सभी बहने केंद्र और राज्य सरकार की जन हितैषी योजनाओं को अंतिम छोर तक की महिला तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर उन्हें लाभ दिलाने का काम करें। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिले की सुषमा स्वराज अवार्ड कार्यक्रम की प्रभारी ममता भदौरिया ने कहा कि कि स्वर्गीय सुषमा स्वराज जी का संपूर्ण जीवन इस सड़क से लेकर लोकसभा सदस्य और महिला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पूर्ण रूप से समर्पित रहा जिन्होंने हर महिला को पूर्ण सम्मान देकर और सत्ता में रहकर विकास कार्यों को गति प्रदान की ऐसी मातृशक्ति को मैं शत शत प्रणाम करती हूं। महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सीमा शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सुषमा स्वराज जी के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि उनके अनुकरणीय विचारों को महिला मोर्चा की कार्यकर्ता अपने हृदय में स्थापित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने में कार्य करें यही उनके लिए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित होगी। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही आभा जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वपूर्ण में योजना लाडली बहना लाभ दिलाने के लिए सभी 26 मंडलों के प्रत्येक नगरीय निकाय संस्थाओं से लेकर ग्राम पंचायतों तक हमारी महिला मोर्चा की पदाधिकारी फार्म भरा ने उनका सहयोग करेंगे ताकि उनको योजना का लाभ प्राप्त हो सके। मुख्य अतिथि चौहान मंचासीन महिला अतिथियों ने सुषमा अवार्ड से सम्मानित सभी महिलाओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता जनरल सिंह राजावत महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्चना शर्मा, जिला भाजपा मंत्रियों में रश्मि खटीक पिंकी शर्मा, मंचासीन थी,एवं जिला मंत्री सरोज जैन, सरोज श्रीवास्तव, विनीता सोनी, गीता राजावत, सोना जैन, उमा राठौर, राजेश्वरी बिलवारी, गुड्डू श्रीवास, नीलम शर्मा,मांडवी कुशवाह, पूर्णिमा भदौरिया, पिंकी तिवारी कमलेश जुनेजा जिला एवं मंडल की पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रही।

**सुषमा स्वराज अवार्ड से बहनों का हुआ सम्मान-** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित बहनों में समाज सेवा के क्षेत्र में और शिक्षा के अग्रणी बनी श्रीमती उमा शर्मा, रमन मित्तल, भारतीय खिलाड़ी दिव्यांग कुमारी पूजा ओझा, श्रीमती ब्रजलता श्रीवास्तव, लक्ष्मी कौरव, अनुराधा श्रीवास्तव श्रेया यादव शिवानी इन्सासिया, नसीम, साबिया सिद्दीकी का सम्मान फील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर किया गया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478